

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

बोल्ड लुक में जान्हवी कपूर ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 24 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 275 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## 139 करोड़ रुपए की लागत से सूरत में बनेगा बायोडायवर्सिटी पार्क

गांधीनगर। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की डबल इंजन सरकार आज राज्य के साढ़े छह करोड़ नागरिकों के सपने साकार कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात में विभिन्न विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है, तब राज्य के सूरत शहर में भी अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सितंबर महीने के अंत में गुजरात के दो दिनों के दौरे पर आ रहे हैं। 29 सितंबर को प्रधानमंत्री सूरत का दौरा करेंगे और इस दौरान वे 3472.54 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों में जलापूर्ति के 672 करोड़ रुपए के कार्य, 890 करोड़ रुपए की ड्रेनेज परियोजनाएं, 370 करोड़ रुपए के डायमंड रिसर्च एंड मर्केंटाइल (ड्रीम) सिटी के कार्य, 139 करोड़ रुपए के खर्च से बायोडायवर्सिटी पार्क (जैव विविधता उद्यान) तथा पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, हेरिटेज रीस्टोरेशन, सिटी बस और बीआरटीएस इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल इंफ्रास्ट्रक्चर सहित केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संयुक्त रूप से किए गए विकास कार्य शामिल हैं। ड्रीम सिटी के मुख्य प्रवेश द्वार तथा फेज–1 के कार्यों का लोकार्पणः सूरत के हीरा कारोबारियों के लिए शुरू किया गया महत्वाकांक्षी डायमंड रिसर्च एंड मर्केंटाइल (ड्रीम) सिटी प्रोजेक्ट जोरशोर से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ड्रीम सिटी के 103.40 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुए पहले चरण के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही 9.53 करोड़ रुपए के खर्च से तैयार किए गए ड्रीम सिटी के मुख्य प्रवेश द्वार का भी लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर फेज–2 के कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इस तरह, प्रधानमंत्री ड्रीम सिटी के कुल 369.60 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उल्लेखनीय है कि गुजरात सरकार ने सूरत में डायमंड ट्रेडिंग बिजनेस के तीव्र विकास के चलते पूरक के रूप में कमर्शियल और रेजीडेंशियल स्पेस की बढ़ती मांग को पूरा करने के विजन के साथ एक स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन किया, जिसे डायमंड रिसर्च एंड मर्केंटाइल सिटी लिमिटेड (ड्रीम सिटी लिमिटेड) नाम दिया गया। यह ड्रीम सिटी अपने हितधारकों के लिए सर्विस प्रोवाइडर यानी सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करेगी। अभी फेज–1 और फेज–2 से संबंधित 400 करोड़ रुपए के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन किया जा रहा है। बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के मुख्य घटकों में सड़कें, यूटिलिटी डक्ट्स, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क, बरसाती पानी के गटर आदि का समावेश होता है। 139 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा नया बायोडायवर्सिटी पार्कः वनस्पति, जीव–जंतु और पर्यावरण के संरक्षण के उद्देश्य से सूरत महानगर पालिका क्षेत्र में डॉ. हेडगेवार ब्रिज से भीमराड–बमरोली ब्रिज तक के हिस्से में कांकरा खाड़ी के नजदीक लगभग 87.50 हेक्टेयर खुली जगह पर बायोडायवर्सिटी पार्क बनाया जाएगा। इस बायोडायवर्सिटी पार्क में 13 किलोमीटर लंबी वॉकिंग ट्रेल बनाई जाएगी। यहां कुल 85 प्रजातियों की विभिन्न वनस्पतियां तथा लगभग 6 लाख पेड़–पौधे रोपित किए जाएंगे। 139 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले इस बायोडायवर्सिटी पार्क में वॉकिंग ट्रेल और चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी सुविधाएं भी होंगी। यह स्वच्छ और हरा–भरा पार्क आगंतुकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्‍ को बनाए रखने में सहायक होगा। इसके अलावा, पार्क के रखरखाव, उद्यानिकी तथा हाउसकीपिंग के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता के चलते रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।




## उत्तर प्रदेश में लगी डेंगू- मलेरिया पर लगाम

### योगी सरकार ने खत्म की राज्य से जानलेवा बीमारी, इस सीजन बस एक व्यक्तिकी मौत

लखनऊ। उत्ध्तर प्रदेश के उपमुख्ध्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि एक जनवरी 2022 से 13 सितंबर 2022 तक प्रदेश में डेंगू से सिर्फ एक मौत हुई और मलेरिया से किसी भी रोगी की मौत इस अवधि में नहीं हुई। समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्ध्य मनोज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल में अल्पसूचित तारांकित प्रश्ध्न किया था जिसके लिखित उत्ध्तर में स्वास्थ्य महकमा संभाल रहे पाठक ने यह जानकारी दी। पांडेय ने यह प्रश्ध्न किया था कि वर्तमान में बड़ी तेजी से डेंगू, मलेरिया, वायरल जैसे संक्रामक रोग फैल रहे हैं, ऐसे में 13 सितंबर 2022 तक राज्य में डेंगू एवं संक्रामक रोगों के प्रकरण सामने आये हैं तथा उनमें से कितने मरीजों की मृत्यु हुई है। उपमुख्ध्यमंत्री ने सरकार की तैयारियों का व्यापक ब्यौरा देते हुए कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश में वर्ष में तीन बार (माह अप्रैल, जुलाई एवं अक्टूबर में) संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अन्तर्विभागीय रूप में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त अवधि में डेंगू के 905 और मलेरिया के 2149 मरीज सामने आए और इनमें डेंगू से सिर्फ एक मौत और मलेरिया से एक भी मौत नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि सपा सदस्यों ने सुबह सत्र शुरू होते ही सदन से बहिर्गमन कर दिया था लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह व्यवस्था दी कि सभी तारांकित, अतारांकित प्रश्नों के उत्ध्तर विधानसभा के पोर्टल पर अपलोड हो गये हैं, इसलिए उन्हें उत्तरित माना जाएगा। हालांकि मूल प्रश्नकर्ता के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने अन्ध्य सदस्ध्यों को पूरक प्रश्ध्न का मौका नहीं दिया।



## दिल्ली के झण्डेवाला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव की तैयारी जोरों शोरों से

नई दिल्ली। प्राचीन ऐतिहासिक झण्डेवाला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव सोमवार 26 सितंबर 2022 से 4 अक्टूबर 2022 तक बडी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर लाखों भक्त माँ झण्डेवाली देवी के दर्शन करने आते हैं और अपनी व अपने परिवार के सुख–समृद्धि की कामना करते हैं। हर बार की तरह इस बार भी मंदिर द्वारा उन की सुविधा व सुचारू दर्शन के सारे प्रबंध किये गये हैं। मंदिर में प्रवेश हेतु रानी झांसी मार्ग पर दो स्थानों से व्यवस्था की गई है। एक सिंह द्वार से केवल आनँलाईन बुकिंग कयूआर कोड वाले भक्तों के लिए और दूसरा सामान्य भक्तों के लिए। इसी प्रकार देशबंधु गुप्ता मार्ग से फ्लैटिड फैक्ट्री होकर सामान्य भक्तों एवं क्यू आर कोड द्वारा गरूड द्वार से सेवादार परिवारों के लिए व्यवस्था की गई है ताकि भक्तों को कम से कम समय में दर्शन हो सके। निकासी द्वार से बाहर निकलेंगे जहाँ उन्हे माँ के भंडारे का प्रसाद दिया जायेगा। मंदिर में फूल माला, प्रसाद या अन्य कोई वस्तु लाना वर्जित है। विभिन्न कीर्तन मंडलियां मंदिर परिसर में माँ का गुणगान करेंगी। मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण मंदिर के यू–टयूब चौनल व फेसबुक पर किया जायेगा। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर व बाहर 170 सी सी टी वी कैमरे लगाये गये हैं। इस के लिये एक कंट्रोलरूम बनाया गया है जहां से मंदिर के सुरक्षा कर्मी व पुलिस टीम इन पर नजर रखेगी।



## पीएफआई पर रेड के बाद हिंसा, केरल में पुलिस पर हमला

### कन्नूर में RSS कार्यालय पर फेंका गया पेट्रोल बम

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने एनआईए की अगुवाई



में गुरुवार को कई एजेंसियों की ओर से उसके ऑफिसों, नेताओं के घरों और अन्य जगहों पर की गई छापेमारी के विरोध में 23 सितंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। केरल उच्च न्यायालय ने कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा घोषित हड़ताल और उसके बाद राज्य में हिंसा की छिटपुट घटनाओं पर शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लिया। अदालत ने कहा कि उसके द्वारा पहले हड़ताल पर प्रतिबंध लगाया गया था और सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करना स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

## भारत ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी, हेट क्राइम के चलते सावधान रहें कनाडा जाने वाले स्टूडेंट्स

कनाडा में भारतीय नागरिकों और छात्रों को



ष्घृणा अपराधों, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाओं में तेज वृद्धिष के मद्देनजर ष्उचित सावधानी बरतने और सतर्क रहने की अपील की है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी ट्रेवल एडवायजरी के अनुसार कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों में ष्तेजी से बढ़ोतरीष हुई है। सरकार ने कहा है कि विदेश मंत्रालय ने हेट क्राइम के मामलों को और कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों पर कनाडा के अधिकारियों के साथ बात की है। विदेश मंत्रालय और कनाडा में हमारे उच्चायोगध्वाणिज्य दूतावास ने इन घटनाओं को कनाडा के अधिकारियों के साथ उठाया है और जांच और उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। एक दिन पहले भारत ने कनाडा के क्षेत्र का इस्तेमाल राजनीति से प्रेरित ष्चरमपंथी तत्वोंष द्वारा किए जाने को लेकर चिंता जताई थी। एक अलगाववादी समूह द्वारा हाल ही में आयोजित खालिस्तान जनमत संग्रह पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसे ष्हास्यास्पद अभ्यासष बताया था। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि कनाडा में घृणा अपराध, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाओं में तेज वृद्धि हुई है। विदेश मंत्रालय और कनाडा में हमारे उच्चायोगध वाणिज्य दूतावास ने इन घटनाओं को कनाडा के अधिकारियों के समक्ष उठाया है और उनसे उक्त अपराधों की जांच करने और उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। वर्णित अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, भारतीय नागरिकों और कनाडा में भारत के छात्रों और यात्राधशिक्षा के लिए कनाडा जाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें और सतर्क रहें। कुछ कनाडाई समूहों ने 19 सितंबर को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में अलगाववादी कार्यक्रम में भाग लिया था। बागची ने कहा कि भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा था कि कनाडा जैसे मित्र देश में ष्चरमपंथी तत्वों द्वारा राजनीति से प्रेरित अभ्यासष की अनुमति कैसे मिली।

## 5 अक्टूबर को सुनाई देगी बाघ की दहाड़! उद्धव गुट को एचसी से शिवाजी पार्क में मिली रैली की इजाजत

मुबई। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर के बीच रैली करने की अनुमति दी गई है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने शिवाजी पार्क में अपनी वार्षिक दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया था। कोर्ट के आदेश के बाद शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट किया, श पार्टी का एक नेता, एक शिवसेना, एक शिवतीर्थ, एक ही दशहरा सभा। 5 अक्टूबर को बाघ की दहाड़ सुनाई देगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना को दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति देते हुए उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि आयोजन के दौरान कानून–व्यवस्था बनी रहे। उद्धव ठाकरे की सेना द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि 1966 में, जब शिवसेना एक राजनीतिक दल के रूप में बनी थी, उस समय भी दशहरा रैली आयोजित की जा रही है। याचिका में कहा गया है कि शिवसेना ने 1966 से हर साल शिवाजी पार्क में एक रैली आयोजित की है। 1989 में, पार्टी को पंजीकृत किया गया था, और यहां तक घ्घ्घ्कि जब शिवाजी पार्क एक मनोरंजक मैदान होने का मुद्दा था, जहां इस तरह के आयोजन नहीं होने चाहिए थे, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पार्टी को 2015 से 2019 तक रैली करने की अनुमति दी थी। याचिका में कहा गया कि 5 अक्टूबर, 2022 को शिवाजी पार्क में अपने सामान्य दशहरा मेला ध रैली को शाम 5.00 बजे से रात 10.00 बजे तक आयोजित करने के उद्देश्य से, याचिकाकर्ताओं ने 22 अगस्त और 26 अगस्त, 2022 को अनुमति देने के लिए बीएमसी को आवेदन किया था। हालांकि, इस तथ्य के बावजूद कि 20 दिन से अधिक समय बीत चुका है और निर्धारित तिथि केवल एक पखवाड़े दूर है, बीएमसी ने अभी तक उक्त अनुमति का जवाब या अनुदान नहीं दिया है। गुरुवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को 2 से 6 अक्टूबर के बीच रैली करने की अनुमति दे दी। जिसके बाद शिवसेना शिवाजी पार्क में 5 अक्टूबर को दशहरा रैली का आयोजन कर सकेगी।






## कभी शेख अब्दुल्ला के जन्मदिन पर छुट्टी मनाता था जम्मू–कश्मीर, वक्त बदला, अब महाराजा हरि सिंह की जयंती पर छुट्टी मनायी जा रही है

आजादी के अमृत काल में जम्मू–कश्मीर वाकई नयी सुबह देख रहा है। पहले यहां शेख अब्दुल्ला के जन्मदिवस 5 दिसंबर को सरकारी छुट्टी होती थी लेकिन अब अनुच्छेद 370 हटने के बाद वह छुट्टी खत्म हो गयी है। अब मोदी सरकार ने जम्मू–कश्मीर के अंतिम महाराजा हरि सिंह की जयंती 23 सितम्बर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। महाराजा हरि सिंह की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा से पूरे जम्मू–कश्मीर में खुशी की लहर देखी जा रही है। जब हम पूरे जम्मू–कश्मीर की बात कर रहे हैं तो पाक अधिकृत कश्मीर की भी बात कर रहे हैं। जी हाँ, जैसे जम्मू के अलावा कश्मीर घाटी के इलाकों में लोग महाराजा हरि सिंह जी की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने के निर्णय को सराह रहे हैं और धूमधाम से नाच गाकर उनकी जयंती मना रहे हैं उसी प्रकार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में रह रहे लोग भी सोशल मीडिया पर एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उनके क्षेत्र में भी महाराजा हरि सिंह की जयंती पर छुट्टी होनी चाहिए। हम आपको बता दें कि महाराजा हरि सिंह ही वह शख्सियत थे जिन्होंने जम्मू–कश्मीर का भारत के साथ विलय किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सरकारों को 75 साल क्यों लग गये महाराजा हरि सिंह की जयंती पर अवकाश घोषित करने में। खैर देर आये दुरुस्त आये। महाराजा हरि सिंह के कार्यों को भुलाने का काम भले पिछली सरकारों ने किया लेकिन अब उनकी उपलब्धियों को जनता को बताया जा रहा है और महाराजा को पूर्ण सम्मान भी दिया जा रहा है।



# कर्ज पर ली गयी गाड़ी को धोखाधड़ी करके बेचा, खरीददार ने अपर पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

गोंडा। नव सृजित नगर पंचायत धानेपुर क्षेत्र के अम्बेडर नगर (पूर्व नाम माधव गंज) में रहने वाले संजय कुमार ने दो वर्ष पूर्व मोतीगंज थाना क्षेत्र के कहोबा निवासी विनोद कुमार पुत्र अज्ञात से माल ढुलाई वाहन टाटा 407 सशर्त करार पर खरीदा था। गाड़ी विनोद द्वारा फायनेंस पर खरीदी गयी थी, जिसकी किश्ते नियमित रूप से जमा न कर पाने की वजह से उसने संजय कुमार को एक लाख नब्बे हजार ऋण की बतौर किस्त जमा करने का करार सहित पचास हजार नगद ले कर अपनी गाड़ी बेच दीं। संजय दो वर्ष तक कड़ी मेहनत करके ऋण दाता कम्पनी श्री राम फायनेंस में किस्त जमा करते रहे, अंतिम किस्त जमा करके जब वे नो ड्यूज के लिए फाइनेंसर से बात किये तो पता चला की अभी सवा लाख के करीब बकायेदारी अदा करने के बाद ही नो ड्यूज दिया जाएगा। यह सुनते ही संजय के पैरों तले जमीन खिसक गयी उसने इस सम्बन्ध में जब विनोद से बात किया तो अपना पल्ला झाड़ते हुए उसने कहा की अब जैसे जमा कर पाओ करो मेरी कोई जिम्मेदारी नही है।

संजय ने करीब दो महीने तक विनोद से मान मनौव्वल किया लोगों के बीच अपनी बात रखी की करार के मुताबिक एक लाख नब्बे हजार ही ऋण अवशेष था उसे जमा करने की लिखित जिम्मेदारी ली गयी थी, तो अब अधिक पैसे क्यों जमा किया जाए, किन्तु विनोद अपने ही करार पर खरा नही उतर रहा था, संजय कुमार थाना धानेपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता से इसकी शिकायत उन्होंने करीब बीस दिनपहले की लेकिन अब तक मामले में कोई पूछताछ नही किया गया, उसके बाद उन्होंने प्रकरण को मोतीगंज थाने से जुड़ा बता कर वहां जाने को कहा वहां भी कोई सन्तोषजनक कार्यवाही नही की गयी। थकहार कर खरीददार ने अपर पुलिस अधीक्षक शिव राज प्रजापति से मिलकर न्याय की गुहार लगाई हैं। उन्होंने बताया है की पीड़ित द्वारा शिकायत की गयी है सम्बंधित थाने को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

# आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण आवश्यक : लल्लू सिंह

## –सेवा पखवाड़ा के तहत जल संचयन को लेकर सांसद ने किया जागरुक

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जलसंरक्षण एवं कैच द रेन विषय पर रुदौली ब्लाक के बहेड़ी व मवई ब्लाक के नगरा गांव में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि आने वाले समय में जल की कमी एक सम्भावित समस्याओं में एक हो सकती है। हमें स्वयं से ज्यादा अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल का संरक्षण करने की आवश्यकता है। पेय जल को बर्बादी व प्रदूषित होने से बचाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि गांवों में बरसात का जल का संरक्षण करके हम इसका प्रयोग विभिन्न तरीके से कर सकते है। सरकार ने हर घर नल योजना के तहत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। यह योजना कई क्षेत्रों में रहने वालों के वरदान साबित हुई है। परन्तु हमें भी इसको लेकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित रही।वहीं तारुन ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जनसंख्या की वृद्धि के साथ आधुनिकता के इस दौर में शुद्ध जल के कम होने की समस्याएं कई जगह पर आ रही है। इसका उपाय केवल जल संरक्षण है। अपनी रोजमर्रा के तौर तरीकों में बदलाव लाकर हम जल संरक्षित कर सकते है। जल को प्रदूषण के बचाने के प्रति हमें संकल्पित होना होगा। इसके साथ में बरसात के जल को संरक्षित करने के विभिन्न उपायों की ओर भी हमें ध्यान देना चाहिए। इस अवसर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व स्थानीय लोगो की उपस्थिति रही।

# दीपोत्सव की तैयारियों का मुख्यमंत्री के सलाहकार ने किया निरीक्षण

## छठवें दीपोत्सव को कैसे भव्य बनाया जाए किया मंथन

अयोध्या। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने दीपोत्सव और अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लता मंगेशकर चौक का भी निरीक्षण किया। राम कथा पार्क में छठवें दीपोत्सव को कैसे भव्य बनाया जाए इस पर मंथन किया।

दीपोत्सव 2022 के कार्यो की समीक्षा श्रीराम कथा संग्रहालय में की गयी। बैठक में मण्डलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। दीपोत्सव 2022 के सम्बंध में जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार द्वारा संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया तथा 28 सितम्बर 2022 को लोकार्पित होने वाले निर्माणाधीन भारत रत्न लता मंगेशकर चौक के निर्माण आदि कार्यो की जानकारी ली।

इसका विवरण जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह द्वारा विस्तृत रूप से दिया गया। श्री अवस्थी ने इससे सम्बंधित सभी तैयारियां 24 सितम्बर तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करने के निर्देश दिये है तथा यह भी कहा कि दीपोत्सव क्षेत्र राम की पैड़ी आदि में विद्युत तार ढीले है तथा खम्भे आदि जर्जर है उसे बदला जाय तथा पेन्टिंग का कार्य पूर्ण किया जाए तथा वहां स्थित हनुमान जी ने मूर्ति का सौन्दर्यीकरण किया जाए। दीपोत्सव क्षेत्र में जहां भी साइन बोर्ड या पेन्टिंग आदि की आवश्यकता हो उसे तीव्रता से किया जाए और उक्त अवसर पर स्वर कोकिला लता मंगेशकर से सम्बंधित प्रदर्शनी, लघु फिल्म का भी प्रदर्शन होगा इसकी भी तैयारियां संस्कृति एवं पर्यटन के अधिकारी पूरा करें तथा कार्य स्थल पर पर्याप्त संख्या में बैठने हेतु पण्डाल, कुर्सी आदि लगाया जाए। अगले चरण में श्रीराम कथा संग्रहालय सभागार में दीपोत्सव कार्यक्रम के तैयारियों की एक दर्जन से अधिक अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी, जिसमें सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, सूचना, पर्यटन एवं संस्कृति, डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, उद्यान, विद्युत, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, परिवहन आदि विभागों के दीपोत्सव से सम्बंधित मुकेश कुमार मेश्राम कार्यो की विभागीय मानक के अनुसार समन्वय के साथ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस बार 2 वर्ष कोविड के बाद आयोजन हो रहा है इसलिए बेहतर व्यवस्था के साथ भीड़ कन्ट्रोल पर विशेष निर्देश दिये गये। इस बैठक में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, नगर आयुक्त विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी नगरध्मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अजय राजा, परियोजना निदेशक आर0पी0 सिंह, उपनिदेशक डा0 मुरलीधर सिंह के अतिरिक्त अधिशाषी अभियन्ता, मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव, मेले में आयोजित होने वाले इवेन्ट एवं टेन्ट आदि लगाने वाले एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 3 वर्ष बाद मां को पाकर बच्चों के छलके खुशी के आंसू

इटियाथोक (गोण्डा) । जिले की इटियाथोक कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को 3 वर्ष पूर्व घर से लापता हुई बुजुर्ग महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। वर्षों बाद परिजनों से मिलकर जहां महिला अत्यधिक प्रसन्न हुई वही बच्चों के आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। सभी ने प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि बुजुर्ग महिला विमला देवी पत्नी स्वर्गीय लल्लू लाल थाना क्षेत्र के धर्ममिश्र पुरवा सेखुई गांव की मूल निवासी है। 2019 में महिला अचानक लापता हो गई। परिजनों द्वारा नात रिश्तेदारों में खोजबीन करने के बावजूद जब बुजुर्ग महिला नहीं मिली स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस महिला की तलाश में प्रयत्नशील थी अचानक बृहस्पतिवार को लापता हुई बुजुर्ग महिला गंगासागर कोलकाता में सकुशल बरामद हुई।

# निरीक्षण में देवकाली वार्ड का मिला चोक

## मण्डलायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र का किया निरीक्षण

अयोध्या। मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने गुरूवार को अयोध्या नगर निगम क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, अधिशाषी अभियन्ता, जलकलध्जल निगम, सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता, नगर निगम आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यस्थल पर प्रातः 6:00 बजे प्रशासनिक अमले के साथ पहुॅचे एवं प्रातः 9:15 बजे तक सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा स्थानीय नागरिकों से वार्ता कर क्षेत्र की समस्याएं सुनी। मौके पर उपस्थित वार्ड के पार्षद अनुज दास के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा क्षेत्रीय समस्याओं पर वार्ता भी की गयी। मण्डलायुक्त द्वारा पोस्ट आफिस तिराहे के पास स्थित देवकाली वार्ड के नालों का निरीक्षण किया। यह नाला पूरी तरह से चोक था, किसी भी तरफ से पानी निकल नहीं रहा था। नाले पर काफी दूर तक पक्का निर्माण कराया गया है। जिस पर लगे एक ढक्कन से दूसरे ढक्कन की दूरी लगभग 5 मीटर है, जिससे नाले के अन्दर घुसकर सफाई करना कठिन है। नाले की सफाई कराने पर प्रत्येक चौम्बर से काफी मात्रा में ईटें, गिट्टी की बजडी, मोरंग बालू आदि के मलबे निकाले गये। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि नाला निर्माण के बाद से अब तक इसकी सफाई नहीं करायी गयी है, क्योंकि नाला निर्माण के दौरान उसमें गिरे मलबे को नाले से निकाला नहीं गया था, जो ठेकेदार की लापरवाही का द्योतक है। इसके लिए समान रूप के नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी भी दोषी हैं।

नाले के मध्य बनी पुलिया के पूर्वी भाग में नीचे की ओर काफी ऊँचाई है, जिसके कारण पानी का बहाव ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। इसे तत्काल हटवाने का निर्देश उपस्थित अधिकारी व ठेकेदार को दिया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में लगे कर्मचारियों से क्षेत्र में झाड़ू लगाने का कार्य लिया जा रहा है, जबकि नाले में पड़े निर्माण सामग्री, ईट के मलबे, पॉलीथीन आदि की सफाई का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाना आवश्यक है। सब्जी मण्डी के सामने बड़ी मात्रा में सब्जियों की गन्दगी अव्यवस्थित तरीके से फेंकी हुई पायी गयी। मण्डलायुक्त ने मौके पर उपस्थित नगर निगम के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सब्जी मण्डी के व्यापारियों से सम्पर्क करके उन्हें गन्दगी फैलाने से रोकें तथा गन्दगी फैलाने के सम्बन्ध में नगर निगम अधिनियम के अन्तर्गत जिन धाराओं के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है, उससे उन्हें अवगत भी करायें और बार–बार कहने के बाद भी गन्दगी फैलाने पर रोक नहीं लगती तो उनके विरूद्ध नियमानुसार नोटिस जारी की जाय। नव निर्मित नाले की नाप करायी गयी, जिसमें कई जगह नाले की चौडाई आगणन से कम पायी गयी, जिसकी जॉच कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण में पाया गया कि नाले का पानी सीवर लाइन में जा रहा था, अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को बुलाकर उसे दिखाया गया तथा यह निर्देशित किया गया कि इसका परीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि नाले के पानी के कारण सीवर चोक न होने पाये।

प्राथमिक विद्यालय कटरा भी किया निरीक्षण –मण्डलायुक्त ने अशर्फी भवन के पास स्थित प्रा0वि0 कटरा का भी निरीक्षण किया। इस विद्यालय में रसोई में बन रहे भोजन एवं खाद्य सामग्री को देखा गया, जो अच्छी गुणवत्ता की पायी गयी। भोजन बनाने वाली रसोईयों से पूछने पर ज्ञात हुआ कि उन्हें मानदेय 2–3 माह विलम्ब से मिलता है। विद्यालय में मात्र एक अध्यापिका श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव कार्यरत पायी गयीं। विद्यालय के बच्चों लवली, चॉदनी व सरस्वती से हिन्दी का पाठ पढ़ाकर सुना गया तथा कुछ बच्चों से गणित के सवाल हल करवाये गये। सभी बच्चों ने पूछे गये सवालों के सही उत्तर दिये। इससे स्पष्ट होता है कि अध्यापिका द्वारा बच्चों की सही देख–रेख करते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा दी जा रही है। स्थानीय लोगों द्वारा भी इनकी सराहना की गयी। मण्डलायुक्त द्वारा श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव के कार्य की प्रशंसा की गयी।

# संत कबीर इण्टर कालेज में योगा कार्यक्रम संपन्न

बेलसर (गोण्डा) । उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे त्रैमासिक योगा कार्यक्रम संत कबीर इंटर कॉलेज परसदा बेलसर गोंडा में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के दौरान योगा ट्रेनर साधना मिश्रा द्वारा 35 बच्चों को योगा प्रशिक्षण दिया गया। गत प्रशिक्षण का समापन मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह एवं बीडीसी संघ जिला अध्यक्ष गोंडा अशोक कुमार तिवारी ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया । इसके बाद अंग्रेजी के प्रवक्ता प्रशांत पांडे ने दोनों अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया । कार्यक्रम में उपस्थित योगा टीचर साधना मिश्रा ने संत कबीर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता तिवारी को माला पहनाकर स्वागत किया। साधना मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए हेल्थ इज वेल्थ पर चर्चा की और बच्चों की प्रशंसा किया। योगा ट्रेनर ने विद्यालय के सभी टीचरों का भरपूर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर उपस्थित अतिथि गणों ने बच्चों को नित्य योगा करने की प्रेरणा दिया और कहा कि योगा करने से शरीर चुस्त–दुरुस्त रहने के साथ माइंड फ्रेश रहता है। योगा करने से रोगों से लड़ने की क्षमता शरीर में उत्पन्न होती है और शरीर निरोगी बन जाता है । अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता नेआए हुए अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# मनरेगा में फर्जी निकासी को लेकर श्रम उपायुक्त व डीएम से की गयी शिकायत

गोंडा। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिहुरी के रहने वाले विनय कुमार पुत्र शेष राम ने उपायुक्त श्रम रोजगार को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है की ग्राम पंचायत बिहुरी के ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा फर्जी हाजिरी लगा कर मनरेगा से धन आहरित कर लिया है। शिकायती पत्र के साथ इस फर्जीवाड़े की पुष्टि के लिए उन्होंने साक्ष्य संकलित किया है जिसमे दर्शाया गया है की मास्टर रोल संख्या 2632 में बाबादीन पुत्र रामजस की हाजिरी दर्शा कर चौदह दिनों की मजदूरी आहरित की गयी है जबकि इन्ही तिथियों में बाबा दीन विशेष न्यायधीश एससी एसटी एक्ट की अदालत में भी उपस्थित हुआ है। कोर्ट में उपस्थिति का हस्ताक्षर साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए विनय ने कहा है की बाबा दीन के गाँव से मुख्यालय की दूरी 35 किलो मीटर है वहां पहुंचने में एक से ढेड़ घण्टे का वक्त लगता है, न्यायालय की कार्यवाही दस बजे तक प्रारम्भ होती है। ऐसे में मनरेगा के मस्टर रोल में उसी दिनांक को उपस्थित रह कर कार्य कर पाना सम्भव नही है, ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से फर्जी कूटरचित मस्टररोल तैयार करके इसी तरह सरकारी धन आहरित की जाती है। विनय ने इसकी शिकायत करते हुए ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा किये गए फर्जीवाड़े की उच्चस्तरीय जांच व कार्यवाही की मांग की है।

# एमएलके महाविद्यालय मे आयोजित एकल गायन प्रतियोगिता मे अभय व शताक्षी ने मारी बाजी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर सभागार में




शुक्रवार को एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अभय कौशल व शताक्षी सेन अव्वल रहीं। प्रतियोगिता दो वर्गों में छात्र व छात्रा वर्ग में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने शास्त्रीय, मैशप आध्यात्मिक व लोक गीत आदि पर अपने नृत्य का धमाल मचाया। विजयी प्रतिभागियों के नामों की घोषणा करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर प्रदर्शित करने के लिए ऐसे आयोजन समय समय पर करता है। निर्णायक सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह, डॉ स्वदेश भट्ट व मांडवी तिवारी ने छात्र वर्ग में बीए 1 के अभय कौशल को प्रथम, बीए 2दक के मोहित कश्यप को द्वितीय व बीए 2दक के मोहम्मद सदरुज जमा व एम ए 2दक के सुधाकर दूबे को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान के लिए चुना। वहीं छात्रा वर्ग में बीए 3तक की शताक्षी सेन प्रथम व कौशिकी सिंह द्वितीय व बीकॉम 2दक की आकृति श्रीवास्तव तृतीय स्थान के लिए चुनी गईं। संयोजक व संचालक मणिका मिश्रा ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ नीरजा शुक्ला, प्रो0 वीणा सिंह, डॉ जितेंद्र भट्ट, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ पी एन पाठक, डॉ के पी मिश्र, डॉ ऋषि रंजन, डॉ अजहरुद्दीन, लेफ्टिनेंट डॉ देवेंद्र कुमार चौहान, मनोज सिंह, भानु सिंह, आदि मौजूद रहे।

# स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## चयनित बच्चों को 2 अक्टूबर को किया जायेगा पुरस्कृत

अयोध्या। जनपद में बाल विकास परियोजना कार्यालयो एवं सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बच्चों की पहचान कर उन्हें पुरस्कृत करने के लिये ''स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस गतिविधि का मुख्य उद्देश 5 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना पोषण की महत्ता पर लोगों को जागरूक करना तथा एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाना है । जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पंचम पोषण माह सितम्बर 2022 प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत जनपद में भी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर कुपोषण के प्रति जागरूकता फैलाने एवं महिलाओं एवं बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के निर्देशों के क्रम में 12 बाल विकास परियोजना कार्यालयो एवं 2381 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बच्चो की पहचान कर उन्हें पुरस्कृत करने के लिये ''स्वस्थ बालक– बालिका प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया , इसका उद्देश्य स्वस्थ बच्चों के अभिभावकों कों प्रोत्साहित कर समाज में कुपोषित को दूर कर सुपोषित के पक्ष में जागरूकता फैलाना है। इस प्रतियोगिता के लिये स्वस्थ बच्चों की पहचान व चयन के लिये 6 माह से 3 वर्ष एवं 3 से 5 वर्ष के स्वस्थ बालक एवं बालिका का वजन व लम्बाई आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा बहु के माध्यम से ली जायेगी , सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस ग्रोथ चार्ट कम्युनिटी ग्रोथ चार्ट की उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा ग्राम प्रधान , पोषण पचांयत के सदस्य, स्थानीय शिक्षक व ग्राम सभा के प्रतिनिधियों के सहयोग से स्वस्थ बालक–बालिका का चयन किया जायेगा। चयनित बच्चों को 2 अक्टूबर को आईसीडीएस के स्थापना दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जायेगा। जनपद अयोध्या में आज इस प्रतियोगिता के लिये 2381 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर लगभग 1 लाख 35 हजार 715 बच्चों व उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जनपद के कई आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रम में स्वयं भाग लिया तथा लोगों को सुपोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इन बच्चों को चयनित होने की श्रेणीनुसार मानक मासिक वृद्धि , निगरानी व्यक्तिगत स्वच्छता साफ–सफाई नाखून काटाना, पोषण श्रेणी उचाई लंबाई के सापेक्ष वजन जो लगातार , सामान्य श्रेणी में हो अथवा सैम से मैम या फिर मैम से सामान्य श्रेणी में आए हो । आहार की स्थितिः– जीरो से 6 माह तक केवल स्तनपान , 6 माह से 3 वर्ष प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन 3 से 5 वर्ष के बच्चों प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति आयु आधारित टीकाकरण डीवर्मिंग आदि मानक है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर मापा गया बच्चों का वजन एवं लंबाई

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में लिया वृद्धि निगरानी शपथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। 1 सितंबर से 30 सितंबर 2022 तक चलने वाले



राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा ग्रोथ चार्ट के अनुसार 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों की लंबाई एवं वजन का माप किया गया। बच्चों की लंबाई स्टेडियोमीटर और इन्फैंटोमीटर से मापी गई। जिसके आधार पर लाल, पीले और हरे श्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। पीले श्रेणी के बच्चों के माता–पिता को बच्चों के खान–पान से संबंधित काउंसलिंग की जाती है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। लाल श्रेणी के बच्चों की लिस्ट बनाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा आरबीएसके टीम को उपलब्ध कराया जाएगा। बच्चों का वजन मापने के लिए डिजिटल वेट मशीन का प्रयोग आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृद्धि निगरानी की शपथ ली गई।

# नि:शुल्क सेवा चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या। सेवा सप्ताह के अंतिम दिन महानगर के बहादुरगंज मोहल्ले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नि:शुल्क सेवा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन महानगर सेवा प्रमुख बालेन्द्र भूषण सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत महानगर के विभिन्न वार्डों में इस तरह का आयोजन विगत एक पखवाड़े से किया जा रहा है जिसका मात्र उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक कमजोर व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। चिकित्सा शिविर में अब्बुसराय पीएचसी के डॉ. सुरेश सिंह के अलावा डॉ. विश्व विजय, डॉ. भान चंद, अभिनव पांडेय झुनझुनवाला फार्मेसी कॉलेज की एएनएम प्रशिक्षु छात्राओं ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर महानगर प्रचार प्रमुख अमित शंकर, चंद्रगुप्त नगर के कार्यवाह रणजीत सिंह, सह संघचालक सुभाष जी, विस्तारक अभिषेक जी नगर सेवा प्रमुख वीरेंद्र तिवारी के अलावा बस्ती प्रमुख सुनील यादव, अवनीश मिश्रा, मुकुल गौतम, जितेंद्र गौतम, राजेन्द्र गौतम व पार्षद रामनंदन तिवारी मौजूद रहे।

# शिक्षक-कर्मचारियों की एकता व संघर्ष से ही जल्द पुरानी पेंशन होगी बहाल: जनार्दन शुक्ल





दैनिक बुद्ध का संदेश

मिठवल/सिद्धार्थनगर। बीआरसी मिठवल के परिसर में अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच मिठवल सिद्धार्थनगर की पुरानी पेंशन आंदोलन को मजबूत एवं सफल बनाने हेतु विचार विमर्श एवं मिठवल ब्लाक कार्यकारिणी के विस्तार हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि-प्रांतीय संयुक्त मंत्री-जनार्दन शुक्ला, विशिष्ट अतिथि, मंडल अध्यक्ष-बलवंत चौधरी, प्रदेश आईटी सेल सह प्रभारी-वीरेंद्र कुमार, मंडलीय सलाहकार-वकील अहमद खान, अटेवा सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष-बृजेश द्विवेदी, महामंत्री-संजय कर पाठक, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष-राकेश कुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता-आनंद कुमार शुक्ला, संगठन मंत्री-दधीचि कुमार, जिला मंत्री-विनोद चौधरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी-विष्णु त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ल ने कहा-पुरानी पेंशन बहाली आन्दोलन में अटेवा के साथ मिलकर चलें और वह दिन जल्दी ही आएगा जब हम पुरानी पेंशन से आच्छादित होंगे। जिला अध्यक्ष बृजेश द्विवेदी ने संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता एवं सहयोग के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी साथियों का आह्वान किया। प्रदेश आईटी सेल सह प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने सभी की सामूहिक सक्रियता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रवक्ता-आनन्द कुमार शुक्ल ने मिठवल ब्लाक के सभी शिक्षक कर्मचारी साथियों को अटेवा के साथ मिलकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में ब्लाक कार्यकारिणी मिठवल का विस्तार किया गया, जिसमे मनीष कुमार दुबे को ब्लाक अध्यक्ष, संजय पाण्डेय को वरिष्ठ संरक्षक, संजय जायसवाल को संरक्षक, श्रवण कुमार कश्यप को महामंत्री, अनिल कुमार प्रजापति को कोषाध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी को संगठन मंत्री, अजीत कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिव सागर चौवे, बृहस्पति मणि त्रिपाठी, सुरेन्द्र नाथ मिश्र, बृजेश वर्मा को उपाध्यक्ष, अब्दुल्ला, अरविंद यादव, अनिल प्रकाश भारती, अंकित यादव, गणेश मिश्रा को सह संगठन मंत्री, अभिलाष मिश्रा को मीडिया प्रभारी के पदों पर मनोनीत किया गया। महिला संवर्ग में अंजना शर्मा को ब्लाक अध्यक्ष, प्रियंका मिश्रा को महामंत्री, संगीता श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

बैठक में जिला संरक्षक डा. कृष्ण कुमार, शैलेन्द्र शर्मा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, प्रेम चन्द, रवि प्रकाश राय, जनार्दन यादव, महेश धर द्विवेदी, संदीप ओझा, संतोष श्रीवास्तव, प्रशान्त, रमेश चंद्र मिश्र, रामनयन प्रजापति, दीपचंद्र, विजय कुमार राय, मनोज यादव, संतोष सिंह, अशोक कुमार, आनन्द कुमार, आलोक उपाध्याय, मदन चन्द्र, ऋषिधर द्विवेदी, धनंजय मिश्रा, आत्मा राम, कमलेश कुमार, आदेश त्यागी, रमा मिश्रा, चांदनी, पल्लवी, दिव्या पाण्डेय, रुचि, सुप्रिया सिंह, श्वेता सिंह, विजय लक्ष्मी, सहित सैकड़ों शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास खण्ड नौगढ़ का औचक निरीक्षण






**■ तनु ओझा ग्राम विकास अधिकारी तथा स्नेहलता कनिष्ठ लिपिक की सर्विस बुक का किया निरीक्षण**

**■ ग्राम अमारा में इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण के दौरान मस्टररोल पर किसी श्रमिक की उपस्थिति दर्ज नहीं होने से नाराज**

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय विकास खण्ड-नौगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अरूण कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, नौगढ़ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। कार्यालय परिसर एवम सभागार के पास साफ सफाई कराने के निर्देश दिया गया। कार्यालय में स्थापना पटल सहित सभी पटल एवम मनरेगा सेल में पत्रावलीध अभिलेखों के रख रखाव का अवलोकन किया गया। तनु ओझा ग्राम विकास अधिकारी तथा स्नेहलता कनिष्ठ लिपिक की सर्विस बुक का अवलोकन किया गया। ग्रांट रजिस्टर मांगे जाने पर बताया गया कि लेखाकार अवकाश पर है। जिस कारण अवलोकन नही किया जा सका। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रांट रजिस्टर के सभी पार्ट पूर्ण करके अवलोकित करें। मनरेगा सेल में ग्राम पंचायत शिवपतिनगर में ग्राम सुकरौली में अमृत सरोवर के निर्माण कार्य की पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिसमें श्रमिक की उपस्थिति एवम श्रमिक के अंगूठा का निशान के साथ नाम अंकित नहीं किए गया, चेक लिस्ट के अनुसार अभिलेख एवम फोटोग्राफ रखने का निर्देश दिया गया। उक्त के पश्चात ग्राम पंचायत बर्डपुर न.14 के ग्राम अमारा में देशराज के घर से सिताबुल के घर के आगे तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मस्टररोल के अनुसार 14 श्रमिक लगाए गए है जो मौके पर उपस्थित रहे। मस्टररोल पर किसी श्रमिक की उपस्थिति दर्ज नहीं किया गया था निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करें। ग्राम रोजगार सेवक को निर्देशित किया गया कि सभी के लिए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था करावे।

# पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। थाना उसका बाजार की पुलिस गैंगस्टर ऐक्ट वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है वही थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि वांछित अभियक्त धर्मदेव पुत्र पूर्णमासी रामपुर गांव के थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ का निवासी है वही वांछित अभियुक्त के खिलाफ पहले से ही गैंगस्टर ऐक्ट का मुकदमा पंजीकृत है और पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।



# पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है, इसे लेकर रहेंगे

**■ गांधी आदर्श इंटर कालेज बढ़नी में शिक्षक संवाद कार्यक्रम सम्पन्न**

**■ स्नातक निर्वाचन में 10 हजार मतदाता बनायेगा शिक्षक संघ-रंजीत सिंह**

दैनिक बुद्ध का संदेश

बढ़नी/सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक गांधी आदर्श इंटर कॉलेज बढ़नी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गुलाब चंद मौर्या व संचालन जिला मंत्री राम विलास चौधरी ने किया। बैठक में शिक्षकों से संवाद करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकण्डेय ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है, संघर्षों के दम पर इसे लेकर रहेंगे। स्नातक चुनाव में




माध्यमिक शिक्षक संघ दस हजार मतदाता बनायेगा। इसके लिए जनपद के नौगढ़, बाँसी, डुमरियागंज, इटवा व शोहरथगढ़ में जिम्मेदार शिक्षकों को दायित्व दिया गया है। उन्हे मतदाता फार्म भी उपलब्ध करा दिया गया है। मंडलीय मंत्री गोरखपुर रंजीत सिंह ने कहा कि स्नातक चुनाव में संगठन अपनी ताकत का एहसास करायेगा। हम निर्वाचन क्षेत्र के सभी 17 जनपदों में स्नातक मतदाता बनाने के लिए जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं, और संगठन के समर्पित सिपाही के रूप में काम कर रहे हैं। मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक हितों की रक्षा के लिए आर-पार का संघर्ष होगा। संगठन पुरानी पेंशन, वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाने, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने, चिकित्सा भत्ता दिलाने व आन लाइन स्थानतरण प्रक्रिया को लागू कराने की निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। वर्ष 2022क के बोर्ड परीक्षा के बकाया पारिश्रमिक का भुगतान इसी सप्ताह में करा दिया जायेगा। एनपीएस् को अपडेट करने, पदोन्नति, चयन व प्रोन्नत वेतन की पत्रावलियों का निस्तारण कराने के लिए निरंतर अधिकारियों के सम्पर्क हैं। बैठक में मण्डलीय अध्यक्ष राम पूजन सिंह, प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा, जय प्रकाश वर्मा, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार, संत प्रकाश, जुगल किशोर, अमित कुमार त्रिपाठी, श्रीकांत राय, अजय कुमार, कैलाश,बृजेंद्र कुमार, रश्मि सिंह, गरिमा चौधरी, रीना गुप्त, फजलु रहमान मलिक, मनोज खेत्री, भारत प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# शोहरतगढ़ में ए.टी.एस. लखनऊ टीम ने फिर मारा छापा, मचा हड़कंप

**■ शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अतरी में पुनः पी. एफ. आई. की सूचना पर ए. टी. एस.के द्वारा की गई गिरफ्तारी**

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद को जहां शांत और सुरक्षित कहा जाता है वही सिद्धार्थ नगर जनपद के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अतरी गांव में दुसरी बार एक ही गांव से पी एफ आई के संदिग्ध मेंबर को ए. टी. एस. लखनऊ की टीम ने बीती रात 3 बजे अर्निसुर रहमान (26) वर्ष पुत्र लतीफुर्रहमान को उसी के घर से ए टी एस की टीम ने उसी के घर में घुस कर किया गिरफ्तार द्वए टी एस की टीम ने अर्निसुर रहमान को पुछताछ के लिए अपने साथ ले गई बताया जा रहा है कि 2 साल पूर्व इसी गांव के निवासी राशिद के उपर एस टी एफ की नजर थी एस टी एफ की टीम ने राशिद के घर पर भी छापेमारी की थी लेकिन नाकामयाब हो गई थी उसके बाद एस टी एफ की टीम ने उसे बस्ती रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था उसके पास से आतंकी ट्रेनिंग संदिग्ध सीडी तथा डाकोमेन्ट मिले थे।



**राशिद अहमद और अर्निसुर रहमान दोनों एक ही गांव के निवासी**

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। चौका देने वाली बात आयी सामने राशिद अहमद और अर्निसुर रहमान दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे दोनों में काफी मित्रता थी अनीसुर रहमान 10 वर्ष पूर्व मुम्बई के दारुखाना एरिए में पी. ओ. पी.का काम करता था उसके बाद वह अपने गांव अतरी चला आया और यहीं पर राजगीर (मिस्त्री) का काम करने लगा लेकिन मोबाइल से उसकी राशिद से बातचीत व सम्पर्क होने के संदिग्धता के आधार पर ए. टी. एस.के घेरे में आ गया। अर्निसुर रहमान की पत्नी ने बताया कि अचानक बड़ी संख्या में पुलिस घर भोर में पहुंची और घर में छानबीन करने लगी और कुछ घर में पड़े किताब सहित अर्निसुर रहमान को ए. टी.एस अपने साथ ले गई।

# इटवा का सियासी पारा गरम,सोशल मीडिया पर छिड़ा वार

राजेश शर्मा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के इटवा विधानसभा में इन दिनों सियासी माहौल काफी गर्म हो चुका है जहां एक तरफ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक वरिष्ठ सपा नेता माता प्रसाद पांडे अपने विधानसभा में भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं यह बातें लगातार कहते आ रहे हैं इस समय माता प्रसाद पांडे विधानसभा में भी सख्त तेवर दिखाते हुए इटवा विधानसभा में चल रहे मनमानी एवं गलत कार्यों के लिए मुख्यमंत्री से सीधे जवाब तलब कर रहे हैं तो वही पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री पूर्व विधायक ड़ा0 सतीश द्विवेदी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोशल मीडिया पर लिखते हुए कहा कि 6 महीने के कार्यकाल में इटवा विधायक का ऐतिहासिक कदम है तो वही विधानसभा के लोग इन दो नेताओं के सोशल मीडिया वार को देखकर एक दूसरे का लगातार समर्थन करते नजर आ रहे हैं आपको बता दें कि इससे पहले माता प्रसाद पांडे ने




छोटी-छोटी बातों के लिए विधानसभा में प्रश्न नहीं उठाया है लेकिन इस बार जहां वह विपक्ष में बैठे हुए हैं वा अपने कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए विधानसभा में अपनी आवाज लगातार उठाते नजर आ रहे हैं वही पूर्व विधायक सतीश द्विवेदी के समर्थकों का कहना है कि यह बदले की भावना से किया जा रहा है आपको बता दें कि मामला पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री ड़ा0 सतीश द्विवेदी के गांव का है ग्राम सभा शनिचरा में कोटे की दुकान पर कोटेदार द्वारा घटतौली व मनमानी की बात तथा ग्राम सभा मनादेई के कोटे की दुकान कि घटतौली एवं मनमानी की बात विधानसभा में उठाकर माता प्रसाद पांडे ने मुद्दे को गर्म कर दिया है जहां मुख्यमंत्री ने तत्काल ग्राम सभा शनिचरा के कोटेदार को निलंबित कर दिया है तो वही उनके इस कदम से इटवा में घमासान मचा हुआ है निश्चित रूप से आने वाले समय में माता प्रसाद पांडे के नए रूप को देखने को मिलेगा जो भी हो मामला काफी गर्म हो चुका है। सूत्रों की माने तो पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री ड़ा0 सतीश द्विवेदी के द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय के खिलाफ विधायक बनते ही अपनाए गए तरीकों से कयास लगाए जा रहे थे की इटवा में धमाका जरूर होगा जो आने वाले समय में इटवा की राजनीति में बड़ा उलटफेर करेगा जो लगभग होता नजर आ रहा है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने सब्जी की खेती का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिवारीडीह में अब सब्जियां उगाई जा रही हैं। सरकारी योजनान्तर्गत स्कूल के खाली पड़ी जमीन पर किचेन गार्डेन के रूप में विकसित किया गया है। योजना का उद्देश्य स्कूलों के बच्चों को मिड डे मील में नियमित रूप से मौसमी सब्जिया मिल सके। शुक्रवार को बीईओ महेंद्र कुमार के निरीक्षण में सभी स्टाफ समेत 126 के सापेक्ष 105 छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान कहा कि इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि जिस जमीन पर किचेन गार्डेन विकसित हो, उससे बच्चों के प्रार्थना और खेलकूद की गतिविधियां प्रभावित न हों। किचन गार्डन में मौसमी हरी सब्जियों के साथ-साथ सहजन, केला, अमरूद, पपीता, जामुन आदि फलदार पौधे भी लगाये जायें। विद्यालय प्रबंध समिति किचन गार्डेन की देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। प्रभारी प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत हथिवड़ताल के टोला तिवारीडीह में विद्यालय कैंपस में लगभग दो एकड़ खाली जमीन है। जिसमें किचेन गार्डेन बनाया हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा पूरे कैंपस का बाउंड्री वॉल बन जाने से सब्जियां सुरक्षित बच जाती हैं और बच्चों के खाने में इन सब्जियों का प्रयोग होता है।



## सम्पादकीय

**चीनी नेता शी चिन फिंग ने भारत को अध्यक्ष बनने की बधाई जरूर दी लेकिन भारत ने अपने आप को चीनी रेशम महापथ की संयुक्त सराहना से अलग रखा। यहां ध्यातव्य तथ्य यह है कि शांघाई सहयोग संगठन के प्रति अमेरिका का रूख मैत्रीपूर्ण नहीं है और रूस, चीन और ईरान जैसे राष्ट्रों से उसके संबंध काफी तनावपूर्ण हैं, ...**

# भारत की समरकंद में गुट–सापेक्ष्यता

समरकंद में हुई शांघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में यदि चीन के नेता शी चिन फिंग और पाकिस्तान के नेता शाहबाज शरीफ से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत वार्ता हो जाती तो उसे बड़ी सफलता माना जाता लेकिन उजबेक, ईरान, रूस और तुर्कीए के नेताओं से हुई उनकी मुलाकातें काफी महत्वपूर्ण रहीं। अब भारत इस वर्ष इस संगठन की अध्यक्षता भी करेगा। अध्यक्ष के नाते अब उसे अन्य सदस्य राष्ट्रों के साथ–साथ चीन और पाकिस्तान से भी सीधी बात करनी होगी। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य आतंकवादी घटनाओं को रोकना है। इसके लगभग सभी देश आतंकवाद से त्रस्त हैं लेकिन सच्चाई तो यह है कि इस संगठन ने आतंकवाद के विरुद्ध प्रस्ताव तो बहुत पारित किए हैं लेकिन आज तक ठोस कदम कोई नहीं उठाया है। इसके बावजूद इस संगठन के शिखर सम्मेलनों का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसके जरिए इसके सदस्य–राष्ट्रों के द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनते हैं। उदाहरण के लिए तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तय्यब एर्दोअन के साथ हुई मोदी की भेंट का विशेष महत्व है, क्योंकि उन्होंने कश्मीर के सवाल पर भारत के विरुद्ध संयुक्तराष्ट्र संघ और पाकिस्तानी संसद में बड़े कटु शब्दों का प्रयोग किया था। इस भेंट में दोनों देशों के बीच व्यापार आदि बढ़ाने पर बात हुई। इसी प्रकार रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन से हुई भेंट में भारत–रूस संबंधों की बढ़ती हुई घनिष्टता पर जमकर विचार हुआ। पूतिन ने मोदी को




जन्मदिन की अग्रिम बधाई दी। मोदी ने रूस–यूक्रेन युद्ध को बंद करने की वकालत की। इसी तरह मोदी ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से भी पहली बार मिले। दोनों ने चाहबहार के बंदरगाह की प्रगति के बारे में बात की। दोनों के बीच अफगानिस्तान में शांति–स्थापना के बारे में भी बात हुई। दोनों नेताओं ने मध्य और दक्षिण एशिया के राष्ट्रों के बीच आवागमन और परिवहन को सरल और सुलभ बनाने पर भी बात की। मोदी ने अपने भाषण में इस सम्मेलन में आए नेताओं को भारत की आर्थिक उपलब्धियों से अवगत करवाया और संकट में फंसे पड़ौसी राष्ट्रों को भारत द्वारा दी गई मदद का भी जिक्र किया। लेकिन आश्चर्य है कि इस संगठन ने भयंकर विनाश में फंसे पाकिस्तान की मदद का कोई संकल्प नहीं दिखाया। वह भी तब जबकि शाहबाज शरीफ ने खुले–आम अपनी दुर्दशा का वर्णन किया। चीनी नेता शी चिन फिंग ने भारत को अध्यक्ष बनने की बधाई जरुर दी लेकिन भारत ने अपने आप को चीनी रेशम महापथ की संयुक्त सराहना से अलग रखा। यहां ध्यातव्य तथ्य यह है कि शांघाई सहयोग संगठन के प्रति अमेरिका का रूख मैत्रीपूर्ण नहीं है और रूस, चीन और ईरान जैसे राष्ट्रों से उसके संबंध काफी तनावपूर्ण हैं, इसके बावजूद भारत के प्रति अमेरिका ने कोई आपत्ति नहीं जताई है। अमेरिका–विरोधी राष्ट्रों के बीच भारत महत्वपूर्ण मध्यममार्गी राष्ट्र है। यह भारतीय विदेश नीति की सफलता ही मानी जाएगी। यह गुट–निरपेक्षता से आगे की चीज है। इसे मैं गुट–सापेक्ष्यता कहता हूं। इसे नान–एलाइनमेंट की जगह मल्टी–एलाइनमेंट कहा जा सकता है। इसे मैंने समदूरी की बजाय सम–सामीप्य की नीति भी कहा है।

# चंदे की वाजिब चिंता

ऐसे मामलों में पारदर्शिता लाने की एक दशक पहले ही हुई पहल उलटी दिशा में मुड़ते हुए अब काफी आगे बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स का चलन बढने के बाद तो इस मसले से जुड़े बाकी पहलुओं पर बात करना भी बेमतलब मालूम पडने लगा है। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक चंदे पर जो पहल की है, वह स्वागतयोग्य है। ये दीगर बात है कि इस पहल के सफल होने की न्यूनतम संभावना है। इसलिए कि ऐसे मामलों में पारदर्शिता लाने की एक दशक पहले ही हुई पहल उलटी दिशा में मुड़ते हुए अब काफी आगे बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स का चलन बढने के बाद तो इस मसले से जुड़े बाकी पहलुओं पर बात करना भी बेमतलब मालूम पडने लगा है। आखिर जब करोड़ों के चंदे के बारे में गोपनीयता का प्रबंध कर लिया गया है, तो दो हजार या 20 हजार रुपये की आखिर क्या औकात रह गई है। फिलहाल राजनीतिक अनुदान में कालेधन पर रोक के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त का कानून मंत्रालय को पत्र लिखा है। पत्र में नकदी चंदे को 20 प्रतिशत या अधिकतम 20 करोड़ (जो भी कम हो) की सीमा तक करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा निर्वाचन आयोग ने बेनामी चंदे को 20 हजार से घटकर दो हजार करने की भी बात कही है। चुनाव आयोग के प्रस्ताव को लागू करने के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में बदलाव करना होगा। निर्वाचन आयोग ने प्रस्ताव दिया है कि राजनीतिक दलों के लिए एक बार में मिलने वाले नकद चंदे की अधिकतम सीमा 20 हजार रुपये से घटाकर दो हजार रुपये की जाए और कुल चंदे में नकद की सीमा अधिकतम 20 प्रतिशत या 20 करोड़ रुपये तक सीमित की जाए, ताकि चुनावी चंदे को कालेधन से मुक्त किया जा सके। मकसद और सुझाव दोनों बेहतर हैं। मगर मौजूदा माहौल में ये महज एक रस्म–अदायगी मालूम पड़ते हैं। आयोग की ओर से यह कदम उस वक्त उठाया गया है, जब हाल ही में उसने 284 ऐसे दलों को पंजीकृत सूची से हटा दिया था, जो नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। मगर समस्या यह है कि ऐसी कार्रवाइयों की आंच बड़े दलों तक नहीं पहुंचती, जिनके पास कानूनों को अपने ढंग से ढालने और जांच एजेंसियों को निर्देशित करने की शक्ति होती है। इसलिए चंदे से जुड़ी जो संस्थागत अपारदर्शिता होती है, वह कायम रहती है।

# नफरत रोकने की कोशिश

**अब वे ही कट्टर समर्थक राहुल की यात्रा को बुरा–भला कह रहे हैं जो भाजपा या सम्बन्धित संगठनों के सदस्य हैं। जातिवादी, साम्प्रदायिक, खाये–पीये अघाये वर्ग जो इस सामाजिक व आर्थिक गैर बराबरी से लाभान्वित हुए हैं, केवल वे ही इस यात्रा का अब भी विरोध कर रहे हैंय अन्यथा इस यात्रा को लोकतंत्र के समर्थन में खड़ा हर व्यक्ति समर्थन दे रहा है। यहां तक कि जो सिविल सोसायटियां कभी कांग्रेस के ...**

देश में नफरत फैलाने की सतत कोशिशों के कारण जो दरार समाज में दिखने लगी है, उसे भरने के लिए और भारत को नए सिरे से एकता के सूत्र में बांधने का इरादा लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस वक्त भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। फिलहाल यात्रा केरल में है और इसे जिस तरह का जनसमर्थन मिल रहा है, उससे पता चलता है कि देश के युवा, बूढ़े, बच्चे सभी भारत को मजबूती से जोड़ने के विचार से उत्साहित हैं। मुख्यधारा के मीडिया में इस यात्रा के बारे में जानकारियां तो दी जा रही हैं, लेकिन उसके साथ कांग्रेस के भीतर चल रही खटपट, या कांग्रेस कहां कमजोर पड़ रही है, ऐसी खबरें अधिक प्रमुखता से दिखाई जा रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा में भले रोजाना हजारों लोग स्वतरूस्फूर्त तरीके से जुड़ रहे हों, लेकिन बड़े–बड़े समाचार प्रस्तोताओं यानी एंकर्स के लिए उनके बारे में बात करना जरूरी न समझ कर चीतों की बात करना उचित समझ रहे हैं। यहां पसंद अपनी–अपनी, ख्याल अपना–अपना वाला सिद्धांत लागू नहीं होता है, बल्कि सवाल प्राथमिकता का है। अगर भाजपा के छोटे से छोटे अभियान को दिन–रात को दिखाया जा सकता है, तो फिर कांग्रेस के नेतृत्व में निकल रहे एक जरूरी अभियान को उपेक्षित क्यों किया जा रहा है। जाहिर है मुख्यधारा के मीडिया का एजेंडा यह है कि किसी भी तरह कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले कमतर साबित करके बताया जाए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने इस यात्रा के बारे में देशबन्धु से चर्चा के दौरान पहली टिप्पणी यही की कि टीवी पर जो भारत दिखाया जाता है और जिस तरह के मुद्दों पर बहसें की जाती हैं, वह असली भारत नहीं है, ये 15 दिन की यात्रा में समझ आ गया है। श्री खेड़ा के इस बयान से पता चलता है कि देश की असलियत से चौनलों के जरिए परिचित नहीं हुआ जा सकता, क्योंकि वहां सब कुछ प्रायोजित है, ब्रेकिंग न्यूज से लेकर परिचर्चाओं तक। खबरों के इस प्रायोजित चलन से पत्रकारिता का नुकसान तो हुआ ही है, देश के ताने–बाने को भी गहरी चोट मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने हालिया टिप्पणी में पूछा भी है कि हमारा देश किस ओर जा रहा है। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ बुधवार को 11 रिट याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई कर रही थी, जिसमें हेट स्पीच को नियंत्रित करने के निर्देश देने की मांग की गई है। बैच में सुदर्शन न्यूज टीवी द्वारा प्रसारित श्यूपीएससी जिहादश शो के खिलाफ दायर याचिकाएं, धर्म संसद की बैठकों में दिए गए भाषण, और सोशल मीडिया संदेशों के नियमन की मांग करने वाली याचिकाएं हैं, जो कोविड महामारी को सांप्रदायिक बना रहे थे। इसी दौरान देश की शीर्ष अदालत ने मौखिक सवाल किया कि हमारा देश किस ओर जा रहा है। अदालत ने भारत सरकार से भी सवाल किया है कि श्जब यह सब हो रहा है तो यह एक मूक गवाह के रूप में क्यों खड़ी है। जस्टिस जोसेफ ने सुझाव दिया कि सरकार को एक ऐसी संस्था बनाने के लिए आगे आना चाहिए जिसका पालन सभी करेंगे। इसके अलावा उन्होंने एंकर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जैसे ही आप किसी को हेट स्पीच में जाते हुए देखते हैं, यह एंकर का कर्तव्य है कि वह तुरंत देखें कि वह उस व्यक्ति को आगे कुछ भी कहने के लिए अनुमति ना दे। सुप्रीम कोर्ट की ओर से नफरती बातों के प्रसार को रोकने के लिए की गई इस पहल से एक दिन पहले ही केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशिया–पैसिफिक इंस्टिट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट द्वारा आयोजित एआईबीडी जनरल कॉन्फ्रेंस 2022 में कहा था कि मुख्यधारा की मीडिया को सबसे ज्यादा खतरा ऑनलाइन मीडिया से नहीं बल्कि खुद न्यूज चौनलों से है। उन्होंने टीवी चौनलों के लिए कहा था कि यदि आप ऐसे मेहमानों को चौनलों पर आमंत्रित करेंगे जो ध्रुवीकरण कर रहे हैं, जो झूठी खबरें फैलाते हैं, और जो जोर–जोर से चिल्लाते हैं, तो इससे आपके चौनल की विश्वसनीयता कम हो जाती है। अदालत के निर्देश और केन्द्रीय मंत्री की चिंताओं को देखकर उम्मीद बंधती है कि पत्रकारिता के पेशे पर जो कालिख पिछले सात–आठ सालों में गहराई है, वह थोड़ी कम हो सकती है। लेकिन हकीकत ये भी है कि मीडिया के लिए सरोकारों को व्यक्त करने में काफी देरी हो गई है। जैसे छोटे से घाव को नजरंदाज किया जाए, तो वह नासूर बन जाता है, इस वक्त मुख्यधारा के मीडिया का बड़ा वर्ग समाज के लिए ऐसा ही नासूर बन गया है। मंत्री महोदय की चिंता है कि चौनल ध्रुवीकरण करने वाले मेहमानों को बुलाएंगे तो उनकी विश्वसनीयता कम होगी और अदालत की चिंता है कि एंकर हेट स्पीच करने वालों को रोकने के लिए तत्पर क्यों नहीं हैं। लेकिन इन दोनों चिंताओं की असली जड़ जहां है, वहां तक क्या सरकार और अदालत की टिप्पणियां पहुंच पाएंगी। मीडिया मिशन नहीं मुनाफे वाले कारोबार की तरह चलाया जाता है, जिसमें बड़े पैमाने पर कार्पोरेट पूंजी लगी होती है। देश के अधिकतर मीडिया घराने कार्पोरेट के नियंत्रण में हैं और जो नहीं हैं, पूंजी छल–बल से उन पर मालिकाना कब्जे की कोशिश कर रही है। मीडिया के जरिए पूंजी बढ़ाने का चक्र सत्ता की धुरी के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए इस खेल में सब एक–दूसरे के साथी हैं। अगर सत्ता के लिए नफरत का माहौल मुनासिब है, तो फिर मीडिया घराने इस माहौल को ही बनाने का काम करेंगे। इस काम में कभी–कभी नफरत का अतिरेक भी दिख जाता है, तो सवाल उठते हैं कि अब पत्रकारिता के मूल्य कहां खो गए हैं। लेकिन नफरत कम हो या अधिक, टीवी पर चिल्ला कर फैलाई जाए, या दबी जुबान से झूठ बोलकर या फिर सोशल मीडिया की ट्रोल सेना के जरिए फैलाई जाए, नफरत हर सूरत में समाज के लिए खतरनाक ही होती है।

# राहुल कांग्रेस की ताकत हैं या कमजोरी?

**यह ध्यान रखने की जरूरत है कि चुनाव हारने मात्र से कोई नेता कमजोर नहीं होता है और न पार्टी के लिए कमजोरी का कारण बनता है। भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से बेहतर इस बात को कोई नहीं जानता होगा क्योंकि उनसे ज्यादा चुनाव कोई दूसरी पार्टी नहीं हारी होगी। फिर भी वे अपने चुनाव हारे नेताओं को महान बताते हैं और राहुल गांधी को श्पप्पूश कहते हैं...**

अजीत द्विवेदी

यह यक्ष प्रश्न है कि राहुल गांधी कांग्रेस की ताकत हैं या उसकी कमजोरी? देश में शायद ही कोई व्यक्ति होगा, जिसकी कोई राय इस सवाल पर नहीं होगी। कह सकते हैं कि देश को राजनीतिक तौर पर विभाजित करने वाला यह सबसे बड़ा सवाल है। यह कैसे हुआ उसकी लंबी कहानी है, जिसका सार यह है कि भाजपा ने अपने प्रचार तंत्र के दम पर यह विमर्श बनवा दिया है कि देश की राजनीति दो ध्रुवीय हो गई है, जिसका एक ध्रुव नरेंद्र मोदी हैं तो दूसरे राहुल गांधी। यहीं वजह है कि देश में जब भी नरेंद्र मोदी के विकल्प की बात होती है तो पहला सवाल यह होता है कि क्या उनकी जगह राहुल को बना दें? देश के मीडिया समूह हर दूसरे–तीसरे दिन जो अर्जी–फर्जी सर्वेक्षण करते हैं उसमें भी मोदी के मुकाबले राहुल का चेहरा रख कर सर्वे का नतीजा बताते हैं। नतीजा सबको पता ही होता है लेकिन उसी में आंकड़े कभी ऊपर–नीचे कर दिए जाते हैं। जैसे ताजा आंकड़ा है कि मोदी 52 फीसदी लोगों की पसंद हैं तो राहुल नौ फीसदी की! भाजपा के इस प्रचार को अब आम आदमी पार्टी ने भी पकड़ लिया है। आम आदमी पार्टी के पास भी एक प्रतिबद्ध मीडिया है, जो भाजपा बनाम आप के मुकाबले में भले उसका साथ नहीं दे लेकिन जब कांग्रेस की बात आती है तो आगे बढ़ कर आप के एजेंडे का समर्थन करती है। सो, राहुल गांधी के कमजोर होने का जो नैरेटिव पहले भाजपा चलाती थी वह अब आम आदमी पार्टी भी चलाने लगी है। पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल ने एक मीडिया समूह की ओर से प्रायोजित श्टाउन हॉलश कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमें उनसे पूछा गया कि वे कांग्रेस को कमजोर कर रहे हैं तो उनका व्यंग्यात्मक जवाब था श्मैं क्यों कांग्रेस को कमजोर करूंगा क्या राहुल गांधी कम हैंश्? यह वैसी ही बात है, जैसी बात पिछले आठ साल से भाजपा के नेता कह रहे हैं। भाजपा के अनेक नेताओं ने अनेक बार कहा है कि उसके लिए स्टार प्रचारक राहुल गांधी हैं क्योंकि राहुल गांधी जहां भी प्रचार करने जाते हैं वहां कांग्रेस हारती है। एक तरफ भाजपा और आम आदमी पार्टी का यह प्रचार है कि राहुल गांधी कांग्रेस को कमजोर करने और उसे समाप्त कर देने के लिए पर्याप्त हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता उनको फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनाने के लिए अड़े हैं। आधा दर्जन प्रदेश कमेटियों ने प्रस्ताव पास किया है कि राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बनना चाहिए। सोचें, कितना फर्क है! क्या कांग्रेस पार्टी के नेता उस बात को नहीं समझ रहे हैं, जो भाजपा और आम आदमी पार्टी की ओर से कहा जा रहा है? या वे जानते हुए किसी खास मकसद से राहुल को ही अध्यक्ष बनाने की जिद पकड़े हैं? या वे ईमानदारी से मानते हैं कि भाजपा और आप की ओर से जो कुछ भी कहा जा रहा है वह एक दुष्प्रचार है? तभी इस बात का वस्तुनिष्ठ आकलन करने की जरूरत है कि राहुल कांग्रेस की ताकत हैं या कमजोरी? पहले इस बात का आकलन करें कि क्या ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से उनको कांग्रेस की कमजोरी कहा जा रहा है या एक कमजोर नेता बताया जा रहा है? इस निष्कर्ष के दो आधार हैं। पहला यह कि पिछले आठ साल में कांग्रेस दो लोकसभा चुनाव हारी है और 49 विधानसभा चुनावों में से 39 में हारी है। दूसरा आधार यह है कि जब से कांग्रेस चुनाव हार रही है तब से एक के बाद एक नेता कांग्रेस छोड़ कर जा रहे हैं। ये दोनों हार्ड फैक्ट हैं इसलिए इन पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। लेकिन इससे विपक्षी पार्टियां और कांग्रेस छोडने वाले नेता दोनों अपनी अपनी सुविधा से निष्कर्ष निकाल रहे हैं। सवाल है यूपीए की दो सरकारों के 10 साल के कार्यकाल के समय सोनिया गांधी कांग्रेस की पूर्णकालिक अध्यक्ष थीं और राहुल गांधी 2013 में उपाध्यक्ष बने थे, फिर विफलता का ठीकरा उनके ऊपर क्यों फोड़ा जाता है? वास्तविकता यह है कि 2014 में जैसे हालात थे उसमें नरेंद्र मोदी को कोई नहीं रोक सकता था और उसके बाद नरेंद्र मोदी की सरकार और मोदी–अमित शाह की कमान वाली भाजपा ने जिस तरह की राजनीति की है उसकी वजह से उनको रोकना दिन प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि भाजपा के सामने सिर्फ कांग्रेस विफल हो रही है, बड़े और मंजे हुए प्रादेशिक नेताओं की पार्टियां भी फेल हो रही हैं। दूसरी अहम बात यह है कि कोई भी नेता उतना ही अच्छा होता है, जितनी अच्छी उसकी पार्टी होती है। नेता उतना ही मजबूत होता है, जितनी मजबूत उसकी पार्टी होती है। लालकृष्ण आडवाणी को लौह पुरुष कहा जाता था। वे छोटे सरदार कहे जाते थे। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के 97 साल के इतिहास में उनके जैसा स्वंयसेवक नहीं पैदा हुआ। उनसे बेहतर संगठन करने वाला नेता शायद ही किसी और पार्टी में हुआ। खुद नरेंद्र मोदी ने कहा हुआ है कि आडवाणी देश के बाकी नेताओं से इस मायने में अलग हैं कि उन्होंने अपने नीचे नेता पैदा किए। भाजपा का समूचा नेतृत्व उनका तैयार किया हुआ है। लेकिन वे प्रधानमंत्री नहीं बन सके। उनको प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर भाजपा ने 2009 का चुनाव लड़ा था और उसकी सीटें 138 से घट कर 116 हो गई थीं। कांग्रेस लगातार दूसरी बार चुनाव जीती थी और उसकी सीटें 145 से बढ़ कर 206 हो गई थीं। अटल बिहारी वाजपेयी के नेपथ्य में जाने और मोदी–शाह का युग शुरू होने से पहले जब तक पार्टी आडवाणी–राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी की कमान में रही तब तक कांग्रेस उत्तर से दक्षिण तक चुनाव जीतती रही और उस बीच एक समय ऐसा भी था जब 14 राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। लेकिन तब भी किसी ने आडवाणी, राजनाथ या गडकरी के लिए वैसा प्रचार नहीं किया, जैसा राहुल के लिए किया गया है। इस तथ्य को नजरअंदाज किया गया है कि राहुल गांधी 2004 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़े और आठ साल के वनवास के बाद उसी साल कांग्रेस सत्ता में लौटी। फिर राहुल की परोक्ष कमान में कांग्रेस 2009 का चुनाव लड़ी और ज्यादा सीटों के साथ दोबारा सत्ता में लौटी। उस दौरान 2004 से 2014 के बीच कांग्रेस केरल से लेकर कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, उत्तराखंड जैसे तमाम राज्यों में चुनाव जीती। लेकिन उसका श्रेय राहुल गांधी को नहीं दिया जाता है। राहुल गांधी को राजनीति में 18 साल हो गए लेकिन उनके पहले 10 साल को इसमें नहीं गिना जाता है, जब कांग्रेस जीत रही थी और राहुल पार्टी में युवा नेताओं को आगे करके नया नेतृत्व तैयार कर रहे थे। अब सवाल है कि जिनको राहुल ने आगे बढ़ाया वे पार्टी छोड़ कर चले गए तो इसमें राहुल की क्या गलती है? पिछले चार साल में पांच बड़े राज्यों– महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी, जिसमें से तीन सरकारें साम, दाम, दंड, भेद के दम पर भाजपा ने छीन ली तो इसमें राहुल की क्या गलती है?

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि चुनाव हारने मात्र से कोई नेता कमजोर नहीं होता है और न पार्टी के लिए कमजोरी का कारण बनता है। भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से बेहतर इस बात को कोई नहीं जानता होगा क्योंकि उनसे ज्यादा चुनाव कोई दूसरी पार्टी नहीं हारी होगी। फिर भी वे अपने चुनाव हारे नेताओं को महान बताते हैं और राहुल गांधी को श्पप्पूश कहते हैं।



# वन क्षेत्राधिकारी ने 3 वर्ष के कार्यकाल में लोगों के दिलों में जगह बनाई : रियाज अहमद

लहरपुर देहात (सीतापुर) । आदर्श पत्रकार एकता एसोसिएशन रजि0 के तत्वाधान में स्थानीय तहसील के सभागार कक्ष में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य ने वन क्षेत्राधिकारी की भावभीनी विदाई समारोह तथा उपजिलाधिकारी के सम्मान समारोह का आयोजन किया। बताते चलें कि लंबे समय से लहरपुर क्षेत्र में वन विभाग की ओर से सेवा प्रदान कर रहे वन क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मल्ल का तबादला पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के रेंज शारदा नगर में हुआ है। उन्होंने जिस प्रकार अपने मृदुभाषी व सौम्य व्यवहार के चलते पिछले करीब 3 वर्ष के कार्यकाल में लोगों के दिलों में जगह बनाई। वहीं वन कार्यालय को खंडहर बने नहर विभाग के गेस्ट हाउस में स्थापित कर जनपद समेत आसपास के जनपदों में एक मिसाल कायम की है। जो तारीफ के साथ साथ देखने योग्य है। वन क्षेत्राधिकारी को फूल मालाओं से लादकर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। वहीं आईजीआरएस निस्तारण के लिए लहरपुर तहसील को जिले में पहला स्थान तथा प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त होने पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उपजलाधिकारी अनुपम मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं पूर्व में रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह को सीओ सिटी बनाए जाने के उपलक्ष्य में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विगत वर्ष आई बाढ़ आपदा में डूब रहे तीन बच्चों को अपनी जान पर खेलकर बचाने वाले आरक्षी अशोक यादव को प्रशस्ति पत्र देते हुए अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संस्था में पांच पत्रकारों क्रमश वरिष्ठ पत्रकार पंकज शुक्ला, अविनाश दीक्षित, धर्मेंद्र पांडेय, शिवम अवस्थी, निर्मल पांडेय को फूल मालाएं पहनाकर सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, भाजपा नेता वीरेंद्र पुरी, दिलीप शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष रामें बाजपेई, हरीश रस्तोगी गोलू, रईस अहमद, संरक्षक रियाज अहमद, जेड आर रहमानी एडवोकेट, जियाउल हक, रमाकांत शुक्ला, सुधाकर मिश्रा, राम मोहन राजपूत सहित संस्था से जुड़े पदाधिकारी व सम्मानित पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व व्यवस्थापक आईटी सेल प्रभारी हाशिम अंसारी रहे। अंत में संस्था के अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में लापरवाही व उपेक्षा बरतने वाले थानाध्यक्ष के खिलाफ जाँच के निर्देश

हरदोई ।न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय कोर्ट के न्यायाधीश अंशुमानी पांडेय ने राजेश तिवारी बनाम सर्वेश कुमार के एन आई एक्ट के परिवाद में अभियुक्त सर्वेश कुमार के खिलाफ गैर जमानती वारंट थाना बेहटा गोकुल प्रभारी निरीक्षक को तामील करने हेतु निर्देशित किया था। जिसको थाना बेहटा गोकुल के प्रभारी निरीक्षक ने नजरंदाज करते हुए न्यायालय के आदेश की अवहेलना की जिस संबंध में वादी राजेश तिवारी की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अरविंद सिंह करौंदी ने 5 अगस्त को न्यायालय में 29 पुलिस एक्ट की कार्यवाही थाना बेहटा गोकुल निरीक्षण के खिलाफ करने हेतु न्यायालय ने यह कहते हुए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि लगातार पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन व अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरती गई और अभियुक्त सर्वेश कुमार से पुलिस द्वारा अनुचित लाभ लिया गया।

इस संबंध में न्यायालय द्वारा 10 अगस्त को अपना पक्ष रखने हेतु निर्देशित किया गया परंतु थानाध्यक्ष द्वारा न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। पुनः 17 अगस्त को आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। 18 अगस्त को थानाध्यक्ष रंधा सिंह ने दोनो तिथियों पर न्यायालय में अनुपस्थित होने का लिखित स्पष्टीकरण दिया। जिसमें लिखा कि पैरोकार द्वारा न्यायालय का आदेश प्राप्त नहीं हुआ न ही आज तक मुझे वारंट प्राप्त हुआ। पत्रावली का अवलोकन करते हुए न्यायालय ने पाया कि 25 जुलाई को गैर जमानती वारंट उपनिरीक्षक द्वारा न्यायालय को वापस किया गया कि अभियुक्त के यहां दबिश दी गई अभियुक्त नहीं मिला, जिसको थाना अध्यक्ष बेहटा गोकुल द्वारा अग्रसारित किया गया था। थानाध्यक्ष बेहटा गोकुल उपनिरीक्षक व पैरोकार के द्वारा न्यायालय के आदेशों में अवहेलनात्मक रवैये को देखते हुए न्यायालय द्वारा कहा गया कि इस कारण से उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के निर्देशों में बाधा उत्पन्न की गई। इसी क्रम में न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक हरदोई को निर्देशित किया कि अभियुक्त को किसी अन्य थाने या अधिकारी से गिरफ्तार करके 15 अक्टूबर तक न्यायालय में प्रस्तुत करें। पुलिस अधीक्षक हरदोई को यह भी निर्देश दिया कि पुलिस अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में लापरवाही व उपेक्षा बरतने वाले थाना अध्यक्ष बेहटा गोकुल रंधा सिंह, संबंधित उपनिरीक्षक व बेहटा गोकुल पैरोकार की जांच कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें और न्यायालय को 1 माह के अंदर अवगत कराएं।

## महाविद्यालय में कराया जाएगा गांधी अध्यन एवं शोध अहिंसा संचार वेल्यू एडेड कोर्स

पहला (सीतापुर) । स्वायत्त संस्था गांधी दर्शन स्मृति समिति नई दिल्ली ब फकरुद्दीन अली अहमद स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद के बीच एक मेमोरेंडम आफ अंडर स्टेंडिग हस्ताक्षर हुआ है। जिसके तहत विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय गांधी अध्यन केंद्र एवं शोध के नेतृत्व में अहिंसा संचार का वेल्यू एडेड कोर्स चलाया जाएगा। जिससे महाविद्यालय के छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के डायरेक्टर सुशील कुमार त्रिपाठी एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डा सीमा सिंह के बीच एक द्विपक्षीय समझौता हुआ है। जिसके तहत अहिंसा संचार जैसे गंभीर विषय का एक सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न कराया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सीमा सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चय ही गांधी जी का दर्शन आने वाली पीढियों के लिए मार्गदर्शक होगा। स्नातक एवं परा स्नातक कक्षाओं के लिए गांधी जी का अहिंसा का सर्टिफि केट कोर्स की कोर्डिनेटर डा. प्रार्थना सिंह ने कोर्स मेटेरियल गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति को इस बाबत पत्र लिखा है।

# जल संरक्षण व जल संचयन के प्रति किया गया जागरूक

परसेण्डी (सीतापुर) । तालगांव सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संचयन के प्रति जागरूकता अभियान का आयोजन ब्लॉक परसेंडी सभागार में संजय मिश्रा जिला उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। संजय मिश्रा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सेवा सप्ताह मनाया गया। संजय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा दूषित जल पीने से लीवर स्नायु तंत्र अस्थमा वह त्वचा रोग हो जाते हैं। मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने बताया प्रदूषित जल पीने से कैल्शियम की कमी से जोड़ों में कड़ापन व दर्द रहता है। ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र राजवंशी ने बताया सरकार द्वारा चलाया जा रहा जल जीवन मिशन सभी लोगों के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम का संचालन आशीष कश्यप ने किया। इस मौके पर जॉइंट बीडीओ अनिल कुमार, बीडीओ परसेण्डी काजल रावत, एडिओ पंचायत अशोक यादव, प्रधान अनूप सिंह, मनजीत सिंह, संजय वर्मा, ओम प्रकाश शुक्ला, हेमराज, हरिवंश लोधी, रोशन लाल मौर्य, प्रेमचन्द्र लोधी, कामोद कुमार, कांती देवी, मुमताज अहमद, कनक सुंदरी, नौशाद अहमद, गया प्रसाद, अनिलेश यादव, मनोज त्रिवेदी, लक्ष्मण तिवारी सहित समस्त पंचायत सचिव व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मिश्रिख संवाददाता के अनुसार चल रहे जल संचयन पखवाड़े के अंतर्गत विकासखंड मिश्रित के सभागार में आज हेल्पिंग यूथ फाउंडेशन लखनऊ के तत्वाधान में जल जीवन मिशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद ने सभी लोगों को जल संचयन की जानाकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपना जन्म दिन केक काट कर मनाते हैं। परन्तु भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना जन्म दिन समूचे देश में जल संचयन का संकल्प दिलाकर मना रहे हैं। क्षेत्रीय सांसद ने सभी लोगों को पीने योग्य जल को संरक्षित करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय ने सभी से कहा कि जल संचयन को लेकर केन्द्र व प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाऐं चला रही है। गांवों में अक्सर पीने वाले जल को गलियों में बहाकर बर्बाद किया जा रहा है। इसलिए सभी लोग अपने अपने घरों के बाहर सोख्ता बनवाएं जिससे जल भूमि के अंदर संरक्षित हो सके। आयोजित कार्यक्रम में मंच का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष मिश्रिख भास्कर मिश्र ने किया। ब्लाक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी आयोजित कार्यक्रम में समय नहीं दे सके। जब कार्यक्रम में खंडविकास अधिकारी उपस्थित होने पहुंचे तो पीछे से सभी ग्राम विकास अधिकारी भी कंधे से कंधा मिलाने पहुंच गये। साण्डा संवाददाता के अनुसार विकासखण्ड सकरन में जल जीवन मिशन वर्षा जल संचयन जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजन किया गया। इस अभियान में विकासखंड सकरन के समस्त ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष राजाराम निषाद, मंडल अध्यक्ष हरगोविंद मौर्या, संयुक्त खंड विकास अधिकारी राम लगन वर्मा, युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष सकरन आदित्य अवस्थ प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी, प्रधान संघ उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, प्रधान राहुल सिंह, प्रधान बबलू सिंह, प्रधान बुद्धीसागर मौके पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर रस्तोगी ने संबोधन करते हुए कहा कि लगभग 25 साल से जल स्तर बहुत ही नीचे जा रहा है। जिससे आने वाले समय में जल का संकट गहरा सकता है। जल बचाव के लिए योगी सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर सभी ग्राम पंचायतों में पानी टंकी लगाकर के पाइप लाइन का कार्य करवा रही है। पाइप लाइन का कार्य पूरा होते ही ग्राम पंचायत स्तर पर सभी के घरों में पाइप लाइन से जल का कनेक्शन दिया जाएगा। किससे जल बर्बाद नहीं होगा और जल का बचाव होगा। इससे जो जल स्तर नीचे जा रहा है। इससे रोक लगाई जा सकती और सभी लोगों को आवश्यकता के अनुसार जल यूज करना चाहिए बर्बाद नहीं करना चाहिए। क्योंकि जल ही जीवन है जल नहीं तो जीवन नहीं।

## गौमाता की वेद पुराणों से महिमा एवं गौशाला में हुआ दीपोत्सव

महोली देहात (सीतापुर) । केसरिया हिन्दू वाहिनी गौरक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा महोली में चल रही गौकथा के दूसरे दिन आज कान्हा गौशाला में 501 दीपों को जलाकर दीपोत्सव गौमाता के साथ मनाया गया। साथ ही साथ पुराणों में वर्णित गौमाता की महिमा का मंडन आचार्य पवनेश जी महाराज जी के द्वारा किया गया। कथा पण्डाल में गौकथा और मधुर भजनों से श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। महोली में अपनी तरह की ये पहली गौकथा है। जिसमें अपार जनसमर्थन भी मिल रहा है। वहीं गौ कथा में केसरिया वाहिनी के संस्थापक अतुल मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महाराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम बाबा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आशीष बाजपेई, प्रदेश संगठन मंत्री संगम शुक्ला, मंडल अध्यक्ष कुलदीप बाजपेई, जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला प्रभारी सुनील शुक्ला, तहसील अध्यक्ष शुभम तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश यादव, जिला मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी प्रभाकर शुक्ला तथा सुरभि गौ अनुष्ठान सेवा समिति के अजय गुप्ता आदि सैकड़ों गौभक्त उपस्थित रहे। वहीं कथा के तीसरे गौकथा में सुरभि प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा।

# हरदोई में होटल कारोबारी समेत 4 के खिलाफ सूदखोरी और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

हरदोई ।जिले के शुभम गुप्ता सुसाइड मामले में पुलिस ने होटल कारोबारी समेत चार लोगों के खिलाफ सूदखोरी अधिनियम और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है ।दरअसल शुभम ने बीते 15 सितंबर को सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी ।इस बारे में फोन की कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए परिजनों को जब जानकारी हुई थी तो इसकी शिकायत पुलिस से की गयी थी ।आज मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने होटल कारोबारी समेत सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में जुटी है ।पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। जिले के थाना कोतवाली कोतवाली शहर में पुलिस ने तिरुपति रेस्टोरेंट के मालिक अतुल गुप्ता,तुषार, सुफियान और राहुल द्विवेदी के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने और सूदखोरी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल शहर के हरदेव गंज निवासी शुभम गुप्ता ने विगत 15 सितंबर को जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी ।मृतक के पिता राजीव गुप्ता ने पुलिस से शिकायत की थी कि उनका पुत्र शुभम गुप्ता आरोपी राहुल द्विवेदी के साथ काम करता था ।राहुल द्विवेदी ने उनके बेटे से कहा कि खुद की ठेकेदारी करना चाहते हो तो पैसा की व्यवस्था करो ।राहुल द्विवेदी ने प्रार्थी के पुत्र को अतुल गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता व तुषार से मिलवाया तथा आपस में सांठगांठ कर उसके पुत्र से 35 हजार रुपये मांगे कि इस पैसे से लोन करा दिया जायेगा ।प्रार्थी के पुत्र ने अपने घर से 15 हजार रूपये लेकर विपक्षीगण को दिये,अतुल गुप्ता ने कहा कि तुम्हारी ओर से मैं 20 हजार रूपये तुषार को दे रहा है मेरा पैसा 10 प्रतिशत व्याज सहित वापस करना ।इस प्रकार उपरोक्त तीनो व्यक्तियो ने मिलकर प्रार्थी के पुत्र को पैसा व व्याज लेने के लिये आये दिन गाली गलौज तथा जान माल की धमकी देते हुए काफी प्रताड़ित करने लगे और तुषार ने भी प्रार्थी के पुत्र का कोई लोन नही कराया और न ही धन वापस किया ।आये दिन अतुल गुप्ता उसके पुत्र से व्याज के नाम पर पैसा मांगने लगे ।ब्याज न दे पाने पर प्रार्थी के पुत्र को मारा पीटा गाली गलौज किया व जान माल की धमकी दी तथा सार्वजनिक स्थान पर बेइज्जत किया ।तब प्रार्थी के पुत्र को राहुल ने ले जाकर नटवीर पुलिया पर सूफियान नाम के सूदखोर से मिलवाया, उससे राहुल ने प्रार्थी के पुत्र को 10 हजार रूपया ब्याज पर दिलवाये, यह 10 हजार रूपया अतुल गुप्ता ने प्रार्थी के पुत्र से ब्याज के नाम से छीन लिये ।इस प्रकार अतुल गुप्ता, तुषार,सुफियान तथा राहुल द्विवेदी ने मिलकर प्रार्थी के पुत्र को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और उसके पुत्र को गाली गलौज करते हुए धमकी दी कि अगर पैसा नही दे सकते हो तो आत्महत्या कर लो ।यह लोग ब्याज के नाम पर उनके बेटे से 30 हजार रुपये वसूल चुके थे जबकि शेष 8000 रुपयों के लिए धमका रहे थे ।उक्त सभी के उकसाने के कारण प्रार्थी के पुत्र ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली जहर खाने की जानकारी प्रार्थी के पुत्र ने राहुल द्विवेदी को दी थी,प्रार्थी के पुत्र को प्रार्थी के घर वालो ने राहुल के साथ अस्पताल पहुंच कर भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी ।प्रार्थी को उक्त प्रकरण की जानकारी अपने पुत्र के क्रियाकर्म के उपरान्त घर आकर हुई जब घर वालो ने उसके मोबाइल की काल रिकार्डिंग को सुना ।प्रार्थी के पुत्र ने 15 सितम्बर को समय करीब 1.40 बजे दोपहर जहर खाया और उसकी मृत्यु उसी दिन 4.30 बजे सायं हो गयी जिसका क्रियाकर्म 16 सितम्बर को साण्डी रोड स्थित मुक्तिधाम पर हुआ। मृतक शुभम गुप्ता को सूदखोरों ने फोन पर रुपए वापस ना दे पाने पर मारने पीटने की धमकी दी थी साथ ही उसके पिता के साथ बदसलूकी करने के लिए भी धमकाया था ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

## कृषि विभाग का बाबू घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

सीतापुर । जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में तैनात फर्टिलाइजर बाबू को लखनऊ से आई बिजलेंस की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर कोतवाली लाई। जहां पूंछताछ व विधिक प्रक्रिया पूरी कर टीम रिश्वतखोर बाबू को अपने साथ लेकर लखनऊ रवाना हो गई। जानकारी के मुताबिक संदना इलाके के ग्राम करनपुर निवासी नीरज अवस्थी ने खाद बीज की दुकान का लाइसेंस लेने के लिए प्रेम नगर स्थित जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया था। जहां सरकारी फीस 22 सौ के अलावा उससे ऊपर की रकम देने की डिमांड की गई। लाइसेंस बनवाने की एवज में 13 हजार रूपये की उससे घूस मांगी गई। जिसमें नीरज ने 5 हजार रूपये बाबू दिलीप सिंह को दिए थे। शेष रूपया की डिमांड बाबू द्वारा की जा रही थी। जिसकी शिकायत नीरज ने बिजलेंस में की थी। तय समय के अनुसार नीरज बिजलेंस टीम द्वारा दिए गये रूपयों को लेकर बाबू को पास पहुंचा और दे दिये। तभी बिजलेंस की टीम ने बाबू दिलीप सिंह को रंगे हाथों घूस लेते पकड़ लिया और उसे लेकर कोतवाली पहुंची। जहां पूंछताछ और विधिक प्रक्रिया पूरी कर टीम बाबू को अपने साथ लेकर लखनऊ रवाना हो गई।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वस्थ बालक –बालिका स्पर्धा का आयोजन संपन्न

हरदोई ।पोषण माह के अंतर्गत आज सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वस्थ बालक – बालिका स्पर्धा का आयोजन किया गया ।आंगन बाड़ी केन्द्र पर तीन सर्वाधिक स्वस्थ बालक अथवा बालिका चिन्हित किया जाएगा ।इसके लिए विभाग द्वारा कई मानक निर्धारित किए गए हैं। इन मानकों में पहला मानक है कि बच्चा लंबाई और वजन के अनुसार सामान्य श्रेणी में हो ,इसके अतिरिक्त यह भी आवश्यक है कि बच्चे को सभी आवश्यक टीके लगे हैं यदि बच्चा छोटा है बच्चे को ऊपरी आहार समय से शुरू कर दिया गया हो ,बच्चे को कीड़े मारने वाली दवा दी गई है बच्चे के हाथ साफ रहते हैं एवं उसके नाखून कटे हुए हैं इन सभी आधारों पर बच्चों को नंबर दिए जाएंगे यह सर्वाधिक अंक पाने वाले तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा ।इस क्रम में आज सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के वजन और ऊँचाई की पुनः जाँच की गई यद्यपि माह के शुरुआत में प्रथम मंगलवार को वजन दिवस का आयोजन हो चुका है फिर भी स्पर्धा के दृष्टिगत पुनः एक बार बच्चों के बजाय एवं ऊँचाई की जाँच की गई तो एवं अन्य मानकों के आधार पर भी बच्चों को परखा गया और सर्वाधिक स्वास्थ्य बच्चे का चयन किया गया । कुछ केंद्रों पर बच्चों को आज पुरस्कृत किया गया और प्रमाण पत्र भी दिए गए। जबकि कुछ केंद्रों पर विभागीय निर्देशानुसार सर्वाधिक स्वास्थ् बालक या बालिका को 2 अक्टूबर के दिन पुरस्कृत किया जाएगा । आज के इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ बच्चों ने भाग लिया साथ ही साथ उनके माता पिता की भी अच्छी संख्या में सहभागिता रही ।

# 66 वीं प्रादेशिक माध्यमिक विद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता सेंट जेम्स स्कूल में हुआ समापन

### आयोजन की सफलता का श्रेय शिक्षकों, कर्मचारियों और फादर रेगो का आत्मिक सहयोग सर्वोपरि-वी के दुबे

हरदोई । चार दिवसीय 66 वीं प्रादेशिक माध्यमिक विद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2022 का समापन समारोह सेंट जेम्स स्कूल में विजई प्रतिभागी टीम को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक वी के दुबे ने इन प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने का श्रेय शिक्षकों, कर्मचारियों और सेंट जेम्स स्कूल के फादर लैंसी रेगो को उनके आत्मिक सहयोग के लिए दिया। माध्यमिक विद्यालयों की प्रादेशिक बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर–19 बालक वर्ग, अंडर 14 बालक वर्ग तथा अंडर–19 बालिका वर्ग अंडर–14 बालिका वर्ग के फाइनल मैच खेले गए। सभी मुकाबले बड़े ही रोमांचक रहें। आज जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे व क्रीड़ा सचिव अवधेश त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक फर्स्ट मंडल लखनऊ के प्रतिनिधि के रूप में डॉ मधुलिका , सोनेलाल मिश्रा,रमेश वर्मा भी उपस्थित रहे। फाइनल मैच में अंडर 19 बालक वर्ग में खड़े हुए रोमांचक मुकाबले में वाराणसी से गोरखपुर को 51–21 से हराकर ट्राफी अपने नाम की। गोरखपुर उप विजेता रही व तीसरे स्थान पर आजमगढ़ ने लखनऊ को हराकर कब्जा किया ।बालक अंडर–14 में गोरखपुर ने आजमगढ़ को 34–14 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया वही दूसरे स्थान पर आजमगढ़ व तीसरे स्थान पर मेरठ ने लखनऊ को हराकर अपने मंडल का नाम किया। वहीं सेंट जेम्स में खेले जा रहे बालिका वर्ग के मैच भी रोमांचक रहे। बालिका वर्ग अंडर–19 के फाइनल में लखनऊ ने बड़े ही रोमांचक मुकाबले में 57– 53 से वाराणसी को हराकर जीत दर्ज की। एक समय दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहा उन्हें अतिरिक्त 5 मिनट का समय मिला ,जिसका लाभ उठाते हुए लखनऊ ने बाजी मार ली। अंडर–19 बालिका वर्ग में तीसरे स्थान के लिए प्रयागराज में मेरठ के बीच मैच खेला गया जिसमें प्रयागराज ने मेरठ को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर– 14 बालिका वर्ग के फाइनल में भी लखनऊ ने मेरठ को 24–21 से हराकर जीत अपने नाम की। अंडर – बालिका वर्ग में गोरखपुर ने आगरा को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। खेल के समय बास्केटबॉल कोर्ट पर जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे, क्रीडा सचिव अवधेश त्रिपाठी अपनी जनपदीय सहयोगी टीम के साथ उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। स्काउट और गाइड संस्था हरदोई के स्काउट्स विगत 4 दिनों से दिन–रात व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान किया। सुदूर विभिन्न मंडलों से आए हुए खिलाड़ियों के आवासीय व्यवस्था सुलभ कराने वाले विद्यालयों बेणी माधव विद्यापीठ इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज पिहानी चुंगी, सेंट जेवियर्स स्कूल ,सेंट जेम्स स्कूलों ने खिलाड़ियों को सम्मान पूर्वक उचित आवासीय व्यवस्था दी, जिससे सभी मंडलों के खिलाड़ी व कोचों ने उनकी सराहना की। वह अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद के सभी प्रधानाचार्य शिक्षकों व कर्मचारियों को सफल आयोजन में तन मन धन से सहयोग करने हेतु सराहना के साथ–साथ अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ा सचिव ने अपने जनपद सहयोगी टीम को अभूतपूर्व योगदान के लिए सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया व आभार प्रकट किया।

## विद्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को मनेगा हेल्थ एंड वेलनेस दिवस

सीतापुर । आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम का संचालन शुरू हो गया है। कार्यक्रम के पहले चरण में हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर के रूप में चयनित शिक्षक.शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण देने का काम शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण विभिन्न ब्लॉक सीएचसी पर आयोजित किया गया। मिश्रिख सीएचसी पर आयोजित प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षक डॉण् कुंवर आशुतोष, डा रेनू धीमान और शिक्षा विभाग के प्रशिक्षक सुशील शर्मा ने 20 शिक्षकों व 20 शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण दिया। सीएमओ डॉ मधु गैरोला ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां, बीमारी की रोकथाम एवं एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं को स्कूल स्तर तक सुलभ बनाना है। कार्यक्रम मुख्य रूप से किशोरों में चोट, हिंसा, मादक द्रव्य सेवन, जोखिम भरा यौन व्यवहार, मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक विकार को कम करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल एवं एसीएमओ डॉ उदय प्रताप ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से एक महिला व एक पुरूष शिक्षक को प्रशिक्षित कर हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर बनाया गया है। यह दोनों शिक्षक प्रत्येक मंगलवार को विद्यालय में हेल्थ एंड वेलनेस दिवस आयोजित करेंगे। इसमें बच्चों को स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति रोचक कहानी और खास गतिविधियों के जरिये जागरूक करेंगे। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार शिवाकांत ने बताया कि अभी तक 68 बैच में से 34 बैच का प्रशिक्षण हो चुका है। जिसमें 2710 हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर के सापेक्ष 1245 का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है।

# घर में घुसकर सो रही युवती से दुष्कर्म, केस दर्ज

सलेमपुर। कमरे में अकेली सो रही एक युवती से उसके पड़ोस के युवक ने दुष्कर्म किया। युवती के शोर मचाने पर जब उसकी मां पहुंची तो युवक उसकी पिटाई कर फरार हो गया। जब इसको लेकर अगले दिन दोनों के परिजनों में कहासुनी हुई तो युवक ने युवती का अश्लील फोटो व वीडियो युवती के परिजनों के मोबाइल पर वायरल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने युवती के तहरीर पर बृहस्पतिवार कोयुवक के विरुद्ध दुष्कर्म सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह 16 सितंबर की रात में घर पर अकेली सोई थी। इसी बीच पड़ोस का एक युवक उसके कमरे में घुस गया और उससे दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर जब उसकी मां पहुंची तो युवक ने उसकी पिटाई कर दी। कहा कि अगर इस बात की जानकारी किसी को दी तो मैं इसका अश्लील फोटो वायरल कर दूंगा। जब इसकी खबर परिवार में हुई तो युवक ने युवती का अश्लील फोटो व वीडियो परिजनों के मोबाइल पर वायरल कर दिया। तहरीर में युवती ने बताया है कि एक वर्ष पूर्व भी आरोपी ने उसे नशीली दवा खिलाकर दुष्कर्म किया और उसका अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया था। इस मामले में पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी अनीस के खिलाफ दुष्कर्म, घर में घुसकर मारने पीटने व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल कपिलदेव चौधरी ने बताया कि युवती की तहरीर पर केस दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के लिए उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

# नशीली दवा के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

निचलौल। थाना क्षेत्र के भारत नेपाल बॉर्डर के निकट रात पथलहवा बीओपी और बहुआर पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीली दवा के साथ बाइक सवार नेपाली युवक को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने कहा कि युवक की तलाशी लेने पर झोले में रखी 40 शीशी नशीली दवा बरामद हुई। युवक ने पूछताछ में अपना नाम बाल्मीकि निवासी सुस्ता नंबर पांच महलवारी थाना बेलाटारी जिला नवलपरासी बताया। उसका चालान किया गया है।

# विद्युत कर्मियों ने धरना दिया

महराजगंज। विद्युत वितरण खंड प्रथम के संविदा कर्मियों ने बृहस्पतिवार को बैकुंठपुर विद्युत स्टेशन पर धरना दिया। कर्मियों ने एक नेता पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विद्युत मजदूर पंचायत के जिलाध्यक्ष छेदी प्रसाद ने बताया कि जब कभी बिजली आपूर्ति में खराबी होती है, तो शट डाउन लेकर उसे ठीक किया जाता है। शट डाउन लेने के दौरान एक नेता ने मंत्री का नाम लेकर कर्मचारियों के प्रति अभद्र भाषा प्रयोग किया, जिससे कर्मचारियों में भय है। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले में नेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के मनीष कुमार, मिथिलेश, शुभम, सुजीत, व्यास मुनि, सुभाष, राघवेंद्र, फूलचंद्र, रामप्रसाद, पप्पू, रामअध ारे आदि मौजूद रहे।

# नितेश हत्याकांड का पर्दाफाश नहीं होने पर दिया धरना

महराजगंज। दरहटा गांव के रहने वाले नितेश हत्याकांड का खुलासा नहीं होने से नाराज परिजनों ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। लोगों ने घटना की जांच सीआईडी से कराने की मांग की। 28 जुलाई को चौक थाना क्षेत्र के दरहटा गांव रहने वाले नितेश का शव सिसवनिया गांव के पास बगीचे में फंदे से लटका मिला था। इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों में नाराजगी है। धरने पर बैठे संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि उनके भाई नितेश की हत्या 28 जुलाई की रात में हुई थी। वह महराजगंज से घर आ रहा था। उस दिन रात में जब घर नहीं पहुंचा तो कई बार फोन किया गया, लेकिन बात नहीं हुई। सुबह जानकारी मिली कि शव सिसवनिया के पास एक बगीचे में पेड़ से लटक रहा है। वहां जाकर पुलिस की सहायता से पेड़ से उतारा गया। इसमें प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मामले के दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही है। ऐसे में सीआईडी या बाहरी टीम लगाकर मामले की जांच कराई जाए। जिससे घटना का पर्दाफाश हो सके। इस मौके पर वीरेंद्र, मुकेश, रामबहाल, कृष्णचंद्र, ईश्वरचंद, आरती, सुभावती और राहुल आदि मौजूद थे।

# नागरिकता बिल पर नेपाल के रूपनदेही जिले में प्रदर्शन

सोनौली(महराजगंज)। भारत नेपाल सीमा से सटे रूपनदेही जिले के भैरहवा में नागरिकता विधेयक बिल को असंवैधानिक करार देते हुए लोकत्रांतिक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिलन चौक में विरोध ा प्रदर्शन किया। साथ ही नेपाल के राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग की। बृहस्पतिवार शाम प्रदर्शन के दौरान लोसपा नेताओं ने कहा कि राष्ट्रपति भंडारी ने उस बिल को खारिज कर दिया था, जिसे प्रतिनिधि सभा ने दूसरी बार पारित किया था और सत्यापन के लिए भेजा था। युवा नेता महेंद्र गुप्ता (प्रशांत) ने कहा कि संविधान के अनुसार राष्ट्रपति को 15 दिनों के भीतर पारित विधेयक को प्रमाणित करना होगा, लेकिन अभी तक उन्होंने सत्यापित नहीं किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय वर्मा, लुंबिनी के राज्य कार्यकारी सदस्य मोहम्मद इस्लाम बैजनाथ गुप्ता आदि मौजूद थे।

# दिनदहाड़े हुई दो चोरी की घटना

चौरीचौरा गोरखपुर। नगर पंचायत मुंडेरा बाजार में प्रेमचंद जायसवाल के सराफा दुकान से लगभग 4 किलो चांदी व 20 ग्राम सोना की चोरी की खबर पाकर अभी पुलिस चोरी की घटना में फुटेज खंगाल ही रही थी की इसी बीच नई बाजार मार्ग पर महदेवा के पास भाऊपुर निवासी मनीष कुमार के मनीष बस्त्रालय से 25 हजार नगदी उसके काउन्टर से चोरी होने की खबर मिली । अब पुलिस वहा भी फुटेज देख रही है। मालुम हो की लगातार दो चोरी की घटनाओं ने जहां पुलिस को परेशान कर रख दिया वही दुकानदारों व व्यापारियों में दहशत है ! अभी कुछ समय पहले ही व्यापारी बलराम जायसवाल से लगभग पौने दो लाख रुपये की चोरी हुई थी जिसका पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है ! दिनदहाड़े चोरी की वारदात ने पुलिस की चिन्ता बढ़ा दिया है।

# पहली से 324 सड़कों का होगा कायाकल्प, टेंडर प्रक्रिया पूर्ण : डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष में जर्जर सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत से जुड़ी समस्त कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक की। जनपद की सड़कों को एक अक्तूबर से गड्ढामुक्त बनाने की प्राथमिकता के साथ कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग 67 मार्गों की विशेष मरम्मत एवं 257 मार्गों के सामान्य मरम्मत के लिए टेंडर हो चुका है। 80.93 करोड़ रुपये की लागत से एक अक्तूबर से मरम्मत कार्य शुरू होगा और 15 दिसंबर तक कार्य पूरा कर लेना है। उन्होंने 324 सड़कों के मरम्मत कार्य की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इन कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करेंगे। इन सड़कों की होगी मरम्मतः नूनखार बैकुंठपुर मार्ग, बलुआ संपर्क मार्ग, छठियांव मार्ग, फतेहपुर–इमिलिया, कुरमौठा मार्ग, सेमरौना से नकईल संपर्क मार्ग, पचरुखा, बैदा, सरांव, एकौना संपर्क मार्ग, पकड़ी बंगरा, मिश्रौली मार्ग से बहोर टीकमपार मार्ग, रुच्चापार संपर्क मार्ग, महेन, लवकनी से गंगा सतरांव संपर्क मार्ग, बेहली से उधोपुर, सिरजम खास संपर्क मार्ग, खोरीबारी ग्राम से महुराव, महेन संपर्क मार्ग, देवरिया बरहज किलोमीटर 17 से करोहिया होते हुए देवरिया–बेलडाड़ संपर्क मार्ग, देवरिया बेलडाड़ किलोमीटर 17 से करजहां संपर्क मार्ग, छितौनी संपर्क मार्ग, भरहे चौरा सवरेजी संपर्क मार्ग। भटनी भिंगारी मार्ग से रायबारी संपर्क मार्ग, बीआरडीपीजी कॉलेज से मेहड़पुरवां में भरटोली होते हुए मलिन बस्ती संपर्क मार्ग, सहित कुल 67 मार्ग के 169.48 किमी सडक का 36 करोड की लागत से विशेष मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा पचरुखा बैदा सरांव एकौना मार्ग, पडरी झिल्लीपार संपर्क मार्ग, पचोहिया से हरपुर नहर की पटरी मार्ग, एसएनजीडीबी मार्गपेट्रोल पंप के सामने से पथरहठ संपर्क मार्ग, भिस्वा–बनकटिया संपर्क मार्ग, भटोली चौराहा से मझना नाला तक संपर्क मार्ग, वन संपर्क मार्ग, बड़का देवतहा मार्ग, करमहा हरपुर संपर्क मार्ग, वकीलगंज सिरसिया करज रामपुर गौनरिया मार्ग, चौहान बस्ती मार्ग, रुद्रपुर से कपरवार–कुसुम्हा मार्ग, रुद्रपुर कपरवार से देवकली जयराम संपर्क मार्ग, रुद्रपुर–नारायनपुर तीन किलोमीटर से सोनबरसा पाण्डेय, पचरुखा से माझा नारायनपुर मार्ग, दीनापुर से करौदी मार्ग, मदनपुर से गायघाट होते हुए नकईल तक संपर्क मार्ग, करौदी, सरौरा, सिधुआ संपर्क मार्ग सहित 257 मार्गों के 408.91 किलोमीटर सड़क की 43.99 करोड़ की लागत से सामान्य मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। चलेगा गड्ढामुक्ति अभियानः राष्ट्रीय राजमार्गों को गड्ढामुक्ति अभियान के तहत एनएच 227–ए बड़हलगंज–कपरवारघाट –बरहज– बरेजी– मेहरौना बिहार बॉर्डर तक मार्ग के 151 किलोमीटर से 159 तथा 187 से 191 किलोमीटर सड़क की मरम्मत होगी। एनएच 727बी तमकुहीराज–भाटपाररानी–सलेमपुर मार्ग के 48 से 52 किलोमीटर के मध्य गड्ढा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। एनएच 727ए सलेमपुर–मैरवा मार्ग के 188 से 194 किलोमीटर तक मरम्मत कार्य किया जाएगा। बैतालपुर से सोनूघाट मार्ग की भी मरम्मत की जाएगी। सलेमपुर–भागलपुर–बेल्थरा मार्ग पर आए गड्ढों को भरने का कार्य होगा।

# सजेगी महराजगंज महोत्सव की महफिल, प्रतिभा दिखाएंगे कलाकार

महराजगंज। तीन वर्ष बाद ही सही जिले में एक बार फिर महराजगंज महोत्सव की महफिल सजेगी। एक से तीन अक्तूबर के बीच में जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज में रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच जहां महोत्सव का आयोजन होगा, वहीं उसमें हिस्सा लेते हुए स्कूली विद्यार्थी से लेकर देश के नामचीन कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

जिला प्रशासन की ओर से महोत्सव को बेहतर ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। प्रयास किया जा रहा है कि महोत्सव न सिर्फ ऐतिहासिक हो, बल्कि उसे लंबे समय तक लोग याद भी रखें। तीन दिवसीय कार्यक्रम को प्रत्येक दिन चार चरणों में बांटा गया है तथा नोडल अधिकारी के रूप में अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है।

ये होंगे कार्यक्रमः प्रथम दिवस– एक अक्तूबर को दोपहर 12 बजे से दो बजे तक महोत्सव का शुभारंभ होगा। दो से तीन बजे तक अंतर विद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी व रंगोली प्रतियोगिता भी होगी। तीन से साढ़े चार बजे तक स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम (एकल), महराजगंज के इतिहास पर गोष्ठी व कफन नाटक की प्रस्तुति होगी। शाम छह बजे से अमित अंजन की प्रस्तुति होगी व रात आठ से 12 बजे तक डॉ. कुमार विश्वास व उनकी टीम की ओर से कवि सम्मेलन होगा।

द्वितीय दिवस– जिले के स्थापना दिवस पर दो अक्तूबर को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक अंतर विद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता होगी। दोपहर 12.30 से तीन बजे के बीच में विज्ञान प्रदर्शनी, खादी फैशन शो एवं फ्लावर एंड प्लांट शो का आयोजन होगा। तीन से चार बजे तक मिशन शक्ति पर कार्यक्रम होगा। चार से साढ़े पांच बजे स्थानीय कलाकारों की ओर से प्रस्तुति दी जाएगी। साढ़े पांच बजे से छह बजे तक शहीद भगत सिंह नाटक की प्रस्तुति होगी।

तृतीय दिवस– तीसरे व अंतिम दिन तीन अक्तूबर को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, डेढ़ से तीन बजे तक अंतर विद्यालयीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, तीन से चार बजे तक विभिन्न प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति के साथ ही मैजिक शो होगा। रात नौ से 12 बजे तक भजन गायक अनूप जलोटा की प्रस्तुति होगी।

महोत्सव की सफलता में सभी बनें सहभागी

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बृहस्पतिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि महोत्सव की सफलता में सभी सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि जब सभी लोग पूरी जिम्मेदारियों के साथ लगे रहेंगे तो न सिर्फ कार्यक्रम बेहतर होगा, बल्कि उसे ऐतिहासिक व यादगार बनाने में भी सफलता मिलेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, सहायक निबंधक सहकारिता सवींद्र सिंह समेत जिले के अन्य अधिकारी व आयोजन समिति से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

# असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश

महराजगंज। कार्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बैठक कर सभी थानेदारों को क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए गश्त तेज करने, प्रत्येक हलचल पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि आगामी त्योहारों दुर्गापूजा, दशहरा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूरी कार्य योजना बना लें। भीड़ में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चौकन्ना रहने की जरूरत है। जुलूस के मार्ग परिवर्तन, नई प्रतिमाओं की स्थापना, सांप्रदायिक तनाव वाले स्थानों, परंपरा से हटकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में पूरी जानकरी करें। समय से जरूरी कार्रवाई करें। पंडालो में महिलाओं की सुरक्षा की पड़ताल करें। रामलीला स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम समिति को कराना है। सभी थाना प्रभारी एवं क्षेत्राधिकारी हर छोटी–बड़ी सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करें। महदेवा बसडीला में अस्पताल निर्माण की मांगः कोल्हुई। क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेवा बसडीला में सरकारी अस्पताल के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने डीएम व सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण जगजीवन राम, बनारसी लाल, सजरून निशा, शांति देवी, हबीबुल्लाह खान ने कहा कि उनके गांव के आसपास 8 किलोमीटर में कहीं अस्पताल नहीं है। इससे लोगों का समय से इलाज नहीं हो पाता है। दुर्घटना में दो लोग घायलः परसा मलिक। नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोरिया बाजार निवासी सरवर बाइक से गांव की महिला शबनम व उसके 5 वर्षीय बच्चे के साथ पड़ौली गांव जा रहे थे। पेड़ारी चौराहे पर पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए और बालक सुरक्षित बच गया। उप निरीक्षक शैलेंद्र यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिना मान्यता के चार मदरसे पकड़े गए

देवरिया। गैर मान्यता प्राप्त और बिना अनुदानित मदरसों की जांच में सच्चाई सामने आने लगी है। अभी जनपद के चार मदरसे ऐसे पाए गए हैं, जिनकी मान्यता नहीं है। पर संचालित हो रहे थे। इसमें अधिकतर में अवामी चंदा और विदेश से आने वाले धन का उपयोग किया जाता है। अल्प संख्यक कल्याण विभाग की जांच में सभी विकास खंडों में ऐसे मामले प्रकाश में आ सकते हैं। जनपद में 122 मदरसे रिकॉर्ड के रूप में सरकारी अभिलेखों में दर्ज हैं। इसमें 17 मदरसा मान्यता प्राप्त हैं। इनका खर्च हर माह सरकार उठाती है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जिन मदरसों की मान्यता नहीं है और अनुदान नहीं मिलता है, उनका खर्च कैसे चलता है। इसको लेकर शासन के गंभीर होने के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भी सक्रिय हो गया है। विभागीय सूत्रों की बातों पर गौर जाए तो जांच–पड़ताल के दौरान अभी तक गौरी बाजार और बैतालपुर में एक–एक, देसही देवरिया में दो मदरसे बिना मान्यता के पाए गए हैं। विभाग की ओर से बारह बिंदुओं पर जांच आख्या तैयार की जा रही है। कुछ मदरसा संचालकों ने सर्वे टीम को पूछताछ के दौरान बताया है कि अवामी चंद से जुटाए गए लाखों रुपये के सहारे मदरसों के शिक्षक का वेतन और अन्य खर्च का वहन किया जा रहा है। जबकि दूसरी तरफ विदेश से भी रुपये खर्च के लिए आने की बात सामने आ रही है। इसको लेकर जांच की जा रही है कि आखिर विदेश में रहने वाला व्यक्ति कौन है, जो चंदा मदरसों को दे रहा है। बिना अनुदान के चलने वाले मदरसों में पढ़ने वाले बिहार और बंगाल के भी लड़कों के होने की संभावना है। माना जा रहा है कि जांच का दायरा आगे बढ़ा तो मदनपुर, सलेमपुर, लार, तरकुलवा, देसही देवरिया, बरहज, रुद्रपुर, देवरिया सदर सहित अन्य विकास खंडों में काफी संख्या में ऐसे मदरसे सामने आएंगे, जिनकी मान्यता नहीं है। वहीं, गैर अनुदानित होने के बाद भी चल रहे हैं।

# पशुपालकों के लिए बाढ़ बनी समस्या



बड़हलगंज। विकास खंड के तमाम बाढ़ प्रभावित गांवों में पशुपालकों के सामने चारा को लेकर बड़ी समस्या उत्पन्न हो गयी है। बाढ़ के पानी से पुरा डुब चुका है जिससे खेत में लगा चारा सड़ गया है। पशुओं को लेकर सड़क के किनारे किसी तरह से दिन काट रहे हैं। पटना के रविन्द्र यादव , सीताराम बगहा के हरिश्चंद्र यादव, मुनेसर कोटिया दीपशाह के राम केवल , नगीना अजय पुरा के बाबू राम यादव, सुभाष यादव , नगीना विश्वकर्मा बरडीहा के शारदा यादव , कुबेर यादव का कहना है कि हम लोग तो किसी तरह से अपना पेट भर लें रहे है मगर हमारे पशुओं के सामने चारा की समस्या उत्पन्न हो गयी है । कई दिन से आधे पेट पर दिन काट रहे हैं। हम लोग शासन प्रशासन से गुहार लगा चुके है मगर कोई सुनवाई सुनवाई नही है।

# लूटपाट के बाद 65 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म

## गोरखपुर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना



अरून शर्मा/ दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। बुजुर्ग महिला को बंध ाक बनाकर लूटपाट करने वाले आरोपितों ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। गुलरिहा थाना पुलिस ने आरोपितों को चोरी के मुकदमे में जेल भेज दिया। जानकारी होने पर एसएसपी ने पूछताछ शुरू की तो देर रात थानेदार ने चोरी के मुकदमें में सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाई। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। यह है मामला गुलरिहा थाना क्षेत्र की 65 वर्षीय महिला टीनशेड के मकान में अकेले रहती है। रात में 11 बजे दरवाजा की कुंडी तोड़कर कमरे में पहुंचे गांव के दो युवकों ने हाथ–पैर बांधकर दुष्कर्म करने के बाद लूटपाट किया था। महिला के घर के पास ही एक जन्मदिन पार्टी थी जहां तेज आवाज में गाना बज रहा था जिसकी वजह से उसकी चीख पुकार किसी ने नहीं सुनी। रात एक बजे गाना बंद होने पर आवाज सुनकर पहुंचे बेटा ने हाथ–पैर खोला।

### पुलिस ने दर्ज किया केवल लूटपाट का मामला

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। सुबह घटना की जानकारी गुलरिहा थाना पुलिस को दी। इस मामले में गुलरिहा थाना पुलिस ने पहले लूट का मुकदमा दर्ज किया। बाद में आरोपितों को चोरी के मामले में जेल भेज दिया। शाम का पता चला कि महिला से आरोपितों ने दुष्कर्म किया था, लेकिन थानेदार मामला टाल गए। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमें में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी गई है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

# मिशन मोदी पीएम अगेन की कमान रामप्रकाश को सौंपी

गोरखपुर। राष्ट्रीय सुरक्षा महामिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन मोदी पीएम अगेन भारत,अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट की समिति की ओर से मिशन मोदी पीएम अगेन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने समाजसेवी रामप्रकाश को दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने मनोनयन के करने के बाद कहा कि यह अवसर अति गौरवपूर्ण है कि रामप्रकाश राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता निर्वहन करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1994 से 1999 तक मछली शहर, 1999 से 2004 तक प्रतापगढ़ में महाराज जी के साथ उनके कार्यों में योगदान करते रहे। 2014 से संघ के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। 2014 में कुंवर हरिवंश सिंह के साथ प्रतापगढ़ के लोकसभा चुनाव में तथा 2019 में सांसद संगम लाल गुप्ता के चुनाव में सक्रिय कार्य किया।



# आज सम्मानित होगी बेटियां

गोरखपुर । आधारशिला परिवार के तत्वावधान में राष्ट्रीय बेटी दिवस के पूर्व संध्या पर 24 सितंबर शनिवार को सायंकाल 6.30 बजे गोरखनाथ ओवरब्रिज के नीचे स्थित समाधान क्लीनिक के हाल में वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्थाध्यक्ष डा रुप कुमार बनर्जी एवं संरक्षक डा0 ए0के0 सिंह के हाथों से साक्षी दूबे,प्रियंका गौतम और प्रिया त्रिपाठी नाम की तीन अत्यंत प्रतिभावान बेटियों को सम्मानित किया जाएगा ।

## पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

चौरी चौरा गोरखपुर। बीते 17 सितम्बर को सुबह चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सतहवा में एसडीएम के द्वारा की गई छापेमारी में 850 लीटर चोरी का डीजल बरामद हुआ था। इस मामले में डीएम कृष्णा करुणेश के निर्देश के बाद चौरीचौरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है!

# तीन दिवसीय वोकल फॉर लोकल विराट प्रदर्शनी मेले का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। आत्म निर्भर भारत के परिप्रेक्ष्य में एक जनपद एक उत्पाद प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। प्रधानमंत्री के उद्घोष वोकल फॉर लोकल के उद्देश्यों की पूर्ति में ओ0डी0ओ0पी0 की अग्रणी भूमिका है। वोकल फॉर लोकर की अवधारणा पर स्थानीय ओ0डी0ओ0पी0 उत्पादों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिला पंचायत सभागार, बलरामपुर में आज भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी द्वारा फीता काटकर व दीपप्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया, जिसमें जनपद के उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूह के विभिन्न प्रकार के लगे स्टालों का उनके द्वारा अवलोकन किया गया। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी कार्यक्रमध् गोष्ठी के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आत्म निर्भर भारत प्रधानमंत्री की परिकल्पना है, जिसका साकार रूप उ0प्र0 सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद, लोकल फॉर वोकल के तहत प्रदेश के उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनपद बलरामपुर तराई क्षेत्र होने के कारण किसानों द्वारा नकदी फसल के रूप में छोटी मसूर दाल प्रचुर मात्रा में उगाई जाती है, यहां की मसूर दाल की गुणवत्ता उत्तम होने के कारण इसकी बिक्री प्रदेश के साथ–साथ अन्य प्रदेशों में भी होती है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदर्शनी कार्यक्रम जनपद के उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूहों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले में निर्मित विभिन्न प्रकार के वस्तुओं की खरीददारी करें तथा इससे सम्बन्धित जानकारी भी प्राप्त करें तथा अपने क्षेत्र के अन्य लोगो को भी जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य दर्जा प्राप्त मंत्री सम्मन अफरोज द्वारा प्रदर्शनी में लगे स्टालों का अवलोकल किया गया तथा उन्होंने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद व आत्म निर्भर भारत के तहत जनपद के उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित वस्तुओं की बिक्री प्रदर्शनी मेले में लगाये गये स्टालों पर की जायेगी। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के सहयोग से लोकल फॉर वोकल तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले में बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायतीराज विभाग, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड, गंगा महिला स्वयं सहायता समूह, मत्स्य विभाग, तराई वृहद गौसरंक्षण केन्द्र, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा अनम प्रेरणा महिला स्वयं सहायता समूह, मॉ पॉटेश्वरी मसाला उत्पादन ईकाई, इंडियन बैंक, स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, पोस्ट ऑफिस, कौशल विकास मिशन, पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल मिशन संकल्प सेवा संस्थान व अन्य उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टाल लगाये गये थे। अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, उप जिलाधिकारी बलरामपुर सदर राजेन्द्र कुमार व उप जिलाधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन व खरीदारी की गयी। प्रदर्शनीध्गोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, डीपी सिंह, अजय सिंह पिंकू, बच्चा शुक्ला, श्याम मनोहर तिवारी, महिला मोर्चा के पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बलरामपुर नगर पालिका सीमा विस्तार को उत्तर प्रदेश सरकार ने दी अनुमति

### सदर विधायक पल्टूराम, समाजसेवी धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु,डीपी सिंस बैस की मेहनत लाई रंग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर नगर पालिका के सीमा विस्तार को प्रदेश सरकार द्वारा अनुमति दे दी गई है। इस हेतु नगर विकास



मंत्री एके शर्मा द्वारा आश्वासन दिया गया था। बलरामपुर के विकास पुरुष सदर विधायक पल्टूराम के नेतृत्व में समाजसेवी, भाजपा नेता डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू एंव डीपी सिंह बैस ने 7 सितम्बर को नगर विकास एवं स्थानीय निकाय मंत्री ए के शर्मा से मिलकर अवगत कराया था कि बलरामपुर नगर पालिका सीमा विस्तार की पत्रावली शासन स्तर पर कई महीनों से लंबित है उन्होंने नगर विकास मंत्री से प्रार्थना पत्र लिखकर नगरपालिका बलरामपुर के सीमा विस्तार हेतु अनुमति प्रदान करने की मांग की थी जिस पर नगर विकास मंत्री द्वारा बलरामपुर नगर पालिका के सीमा विस्तार हेतु आश्वासन दिया गया था जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वीकार करते हुए पत्र जारी कर दिया है। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि बलरामपुर नगर पालिका के सीमा विस्तार की अनुमति मिल गई है परिसीमन का कार्य शीघ्र शुरू हो जायेगा। बलरामपुर नगर पालिका का सीमा विस्तार होने से इन राजस्व ग्राम के लोगों को नगरीय सुविधा का लाभ मिलेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह बैंस ने बताया कि नगरीय विकास मंत्री ए के शर्मा द्वारा बलरामपुर नगर पालिका के सीमा विस्तार में राजस्व ग्राम कलवारी, विशुनीपुरविशुनापुर, सिरसिया, महादेव मिश्र, धुसाह, सेखुईकला, कोयलिया, बलरामपुर देहात को शामिल किया गया है।

## निकाय चुनाव की तैयारी में जुटा प्रशासन, निर्वाचन नामावली को लेकर बैठक सम्पन्न

### नवसृजित एवं सीमा विस्तारित निकाय में 04.10.2022 तक वार्डवार/मतदान स्थलवार मतदाताओं का सूची तैयार करने का निर्देश





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0ध्रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में नगरीय निकाय निर्वाचन नामावली के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) संजीव रंजन ने समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को बताया कि नवसृजित नगर पंचायत में परिसीमन के उपरान्त डाटा ट्रांसफर मतदाताओं का सत्यापन किया जाना है। नवसृजित एवं सीमा विस्तारित निकाय में दिनांक 20.09.2022 से 04.10.2022 तक वार्डवारध्मतदान स्थलवार मतदाताओं का विवरण तैयार कर डाटा ट्रांसफर के उपरान्त बी0एल0ओ0 के उपयोगार्थ मतदाता सूची तैयार करा लिया जाये। दिनांक 05.10.2022 से 20.10.2022 तक मतदान केंद्रध स्थल पर नियुक्त बी0एल0ओ0 द्वारा वार्डवार स्थानान्तरित मतदाताओं का सत्यापन एवं अपने से सम्बन्धित मतदान स्थल के सभी मतदाताओं के घर–घर जाकर सत्यापन करके वृद्धि, शुद्धि व लोप की कार्यवाही किया जायेगा। परिसीमन से अर्प्रभावित निकाय में दिनांक 20.09.2022 से 20.10.2022 तक मतदान केंद्रध्स्थल पर नियुक्त बी0एल0ओ0 द्वारा सभी मतदाताओं के घर–घर जाकर सत्यापन करके वृद्धि, शुद्धि व लोप की कार्यवाही किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि जहां पर बी0एल0ओ0 नियुक्त नहीं हैं वहां पर बी0एल0ओ0 नियुक्त कर सत्यापन कार्य पूर्ण कराया जाये। इस बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत वोकल फार लोकल प्रदर्शनी आयोजित की गई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी होटल सवेरा सिविल लाइन्स रोड के प्रांगण मे आयोजित की गई। प्रदर्शनी का शुभारंम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाये गये स्टालों का भ्रमण करके उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक सुनिल सिंह ने किया।



इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सामुहिक प्रयास से ही संभव हो पायेगा प्रधानमंत्री ने आपदा को अवसर मे बदलने के लिए ही आत्मनिर्भर भारत का सन्देश दिया है प्रधानमंत्री ने देश कि नीतियों को आत्मनिर्भरता कि ओर बढाया है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, देश मे वोकल फॉर लोकल को बढावा दिया जा रहा है भाजपा सरकार गरीबों के हितो का ख्याल रखती है, प्रधानमंत्री स्वनिधि के तहत जहां देश मे लाखों पथ विक्रेताओं को लोन दिया गया वही उद्योग विभाग से लोन देकर उद्योग धंधो को बढावा दिया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, चोपन ब्लॉक प्रमुख लीला देवी गोंड, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह चन्देल, अशोक मौर्य, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, नगर अध्यक्ष बलराम सोनी, यादवेन्द्र द्विवेदी, विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, रविन्द्र केशरी, संजय जायसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह, गुडिया त्रिपाठी, मणिकर्णिका कोल, अभिषेक गुप्ता, आशीष केशरी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी, शस्त्रागार एवं स्टोर रूम का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा रिजर्व



पुलिस लाइन चुर्क में स्थित परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की परेड कराते हुये परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दिया गया तत्पश्चात् क्वार्टर गार्द की सलामी ली गयी तथा सलामी गार्द का बारीकी से निरीक्षण किया गया। क्वार्टर गार्द परिसर में स्थित शस्त्रागार एवं स्टोर शाखा का निरीक्षण करते हुए संबंधित को रखरखाव एवं साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के अतिरिक्त प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस लाइन के अन्य अधि0ध्कर्म0गण मौजूद रहें।

## ड्रम व कप प्लेट से लदी ट्रक खाई मे गिरी,चालक समेत दो की दर्दनाक मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी मे एक बार फिर



माल लदा ट्रक खाई मे जा गिरी, इस हादसे मे ट्रक ट्रक चालक समेत दो लोगो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी है। सूचना पाकर पहुंचे गुरमा चौकी प्रभारी राजेश सिंह ने अपने अपने हमराही सिपाही तथ ग्रामीणों के सहयोग से कडी मकश्द के बाद दोनो शव को खाई से बाहर निकलावाकर अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा व अंतपरीक्षण की कार्रवाई मे जुटे रहे। घटना के बाबत बताया जा रही है की फरीदाबाद से 96 ड्रम मोबिल आयल व तकरीबन 850 पेटी कप प्लेट लादकर उड़ीसा जा रही थी शुक्रवार की अलसुबह तकरीबन पांच बजे जैसे ही मारकुंडी घाटी के तीसरे मोड़ पर पहुंची की अनियंत्रित होकर ट्रक खाई मे जा गिरी इस हादसे मे चालक महबूब अली उम्र लगभग (56) वर्ष पुत्र महबूब हुसैन, ट्रक मालिक शरीफ उम्र लगभग (52) पुत्र मो0 उमर दोनो निवासीगण शिकारपुर, जनपद बुलंदशहर। की मौके पर दब कर दर्दनाक मौत हो गयी, वही ट्रक के परखच्चे उड़ गए।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# चेहरे की खूबसूरती को घटाते हैं नाक पर पड़े चश्मे के दाग, इन नुस्खों से हटाए इन्हें

वर्तमान समय में देखने को मिलता हैं कि हर पांचवे शख्स की आंखों पर चश्मा लग चुका हैं, बड़े तो बड़े, बच्चे भी इससे अछूते नहीं हैं। जिनकी आंखों पर पावर का चश्मा लगा होता है उनकी सबसे बड़ी समस्या यह होती है उन्हें हमेशा चश्मा पहने रहना पड़ता है। लगातार कई घंटो तक रोज चश्मा पहनने की वजह से हमारी नाक पर काले निशान पड़ जाते हैं, जो देखने में बेहद खराब लगते हैं। नाक पर पड़े चश्मे के ये दाग चेहरे की खूबसूरती को घटाते हैं। लेकिन घर में ही मिलने वाली कुछ चीजों का उपयोग करके आप आसानी से इन धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं। आज हम आपको बताने वाले है नाक पर बने चश्मे के काले निशानों को हटाने के तरीको के बारे में। आइये जानते हैं...

खीराः खीरा खूब खाएं भी और इसे चश्मे के निशान को हटाने के लिए इस्तेमाल भी करें। छोटे–छोटे टुकड़े काट कर निशान वाली जगह पर रखें या फिर पेस्ट बनाकर लगाएं। 10 मिनट के लिए सूखने दें फिर पानी से साफ कर लें। खारी त्वचा को कूलिंग एफेक्ट देता है। विटामिन के होता है, जो त्वचा को चमक प्रदान करता है। दाग–धब्बों को कम करता है।

एलोवेराः एलोवेरा की पत्ती को बीच से काट लें और उसके गूदे का पेस्ट बना लें। अब इसके पेस्ट को नाक पर बने हुए निशान पर लगाएं और हल्के हाथों मसाज करें। एलोवेरा में मॉइस्चराइजिंग और एंटी–एजिंग गुण पाए जाने के कारण यह नाक पर बनने वाले निशान को कुछ दिनों में गायब कर देगा।

टमाटरः टमाटर चेहरे के दाग–धब्बों को दूर करने में बहुत कारगर होता है। इसमें एक्सफोलिएशन का गुण पाया जाता है। जिससे आपके चेहरे की मृत त्वचा हट जाती है। अपने चेहरे और नाक के काले धब्बे हटाने के लिए टमाटर का पेस्ट बनाकर लगाएं। इसके उपयोग से कुछ ही दिनों में आपके नाक के दाग दूर हो जाएंगे।



आलूः आलू में कई प्राकृतिक गुण होते है और इसलिए यह हमारे स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। आलू में कुछ ऐसे तत्व होते है तो चेहरे के दाग धब्बों को हटाने में कारगर साबित होते है। इसलिए आंखों के नीचे और नाक पर काले निशानों को हटाने के लिए कच्चे आलू को छिलकर उसका रस निकाल लें और इसे अपने आंखों के आस पास लगाएं और पद्रंह मिनट के लिए छोड़ दें। प्रदंह हमनट बाद इसे ठंडे पानी से धो लें। इस तरीके को अपनाने पर कुछ ही दिनों में आपके नाक पर काले निशान हट जाएंगे।

नींबू का रसः इसे लगाने से भी त्वचा संबंधित समस्याओं को दूर किया जा सकता है। नींबू के रस को आप चश्मे के निशान वाली जगह पर लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। अब पानी से साफ कर लें। नींबू के रस में मौजूद ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज दाग–धब्बों को कम कर चेहरे में निखार लाता है। इसमें विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो त्वचा को हेल्दी रखते हैं, फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं।

संतरे के छिलकेः ताजे संतरे के छिलके का उपयोग करके भी चश्मे के कारण पडने वाले निशान को दूर किया जा सकता है। संतरे के छिलके को पीसकर इसमें हल्का सा दूध मिला लें और निशान वाली जगह पर हल्के हाथों मालिश करें। एंटीसेप्टिक और हीलिंग का गुण होने के कारण यह नाक पर पडने वाले निशान को गायब कर सकता है।

शहद लगाएंः नाक पर चश्में के कारण बने काले निशानों को हटाने के लिए शहद और दूध को बराबर मात्रा में मिला लें। इसमें थोड़ा सा जई का आटा भी मिलाएं। इस पेस्ट को निशान वाली जगह पर लगाएं। इसे चेहरे पर बीस मिनट तक लगे रहने दें फिर ठंडे पानी से धो लें। इसे रोज लगाने की कोशिश करें। निशान जरूर दूर हो जाएंगे।

बादाम तेलः बादाम के तेल में विटामिन इ की अच्छी मात्रा पाई जाती है जो स्किन पर मौजूद किसी भी तरह के निशानों को दूर करने की क्षमता रखता है। अगर आपके नाक पर भी चश्मा पहनने के कारण निशान पड़ गए है तो एक बार इस उपाय का इस्तेमाल करके देखें। इसके लिए रात को सोने से पहले रोजाना अपनी नाक के दाग वाले हिस्से पर बादाम तेल से मालिश करें। कुछ ही दिनों में दाग हमेशा के लिए गायब हो जाएंगे।

गुलाबजलः ग्लोइंग और खूबसूरत त्वचा के लिए गुलाबजल का प्रयोग बड़े स्तर पर किया जाता है लेकिन क्या आप जानती है की इसकी मदद से आप अपनी नाक पर पड़े चश्मे के दागों को भी हमेशा के लिए हटा सकती है। इसके लिए रात को सोने से पहले रुई से अपनी नाक पर गुलाबजल लगाएं। नियमित रूप से इसका प्रयोग करने से आपके दाग हमेशा के लिए दूर ही जाएंगे।

## बोल्ड लुक में जान्हवी कपूर ने शेयर की तस्वीरें, सेक्सी लुक देख फैंस हुए दीवाने

जान्हवी कपूर हर एक लुक में फिगर फ्लॉन्ट करती दिखती हैं, हाल ही में भी उन्होंने एक ऐसा ही बोल्ड फोटोशूट करा डाला, जिसमें उनका सेक्सी लुक फैंस को दीवाना बना रहा है। जान्हवी



ने अपने लुक में बहुत ही अट्रैक्टिव लग रही है। जान्हवी ने ऑरेंज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, उनके लुक में बोल्डनेस का तड़का दिखाई दिया। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर ऑरेंज कलर की ड्रेस में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जान्हवी का ये लुक देखकर हर फैंस बेहाल हो गया है। हसीना की यह ड्रेस इतनी टाइट फिटिंग की थी, जिसमें उनका फिगर अच्छे से फ्लॉन्ट होता दिख रहा है। जान्हवी कपूर का यह लुक बहूत बढिया लग रहा है। जान्हवी ने अपने इस लुक के साथ हेवी मेकअप किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इस लुक के साथ हेयरस्टाइल को एकदम सिंपल रखा है। बालों को स्लीक पोनीटेल में उन्होंने स्टाइल किया है।




## जवान के लिए 200 महिलाओं के साथ ऐक्शन सीन शूट कर रहे शाहरुख खान



शाहरुख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने इस साल जून में फिल्म जवान का ऐलान किया था। इसके बाद जब टीजर में शाहरुख का लुक शेयर किया गया तो हर तरफ फिल्म की चर्चा होने लगी। यह एक ऐक्शन फिल्म है जिसमें शाहरुख गैंगस्टर का किरदार निभाएंगे। लंबे समय बाद पर्दे पर शाहरुख का ऐक्शन देखने को मिलेगा। अब खबर है कि शाहरुख चेन्नई में करीब 200 महिलाओं के साथ एक ऐक्शन सीच्ेंस की शूटिंग कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख इस हफ्ते चेन्नई में जवान का एक इंटेंस ऐक्शन सीन शूट करेंगे। शानदार सेट के अलावा इस सीन की खास बात ये है कि इसमें शाहरुख के साथ करीब 200–250 महिलाएं नजर आएंगी। निर्देशक एटली ने खुद इन महिलाओं को चुना है जो शूटिंग के लिए मुंबई से चेन्नई पहुंचेंगी। इस ऐक्शन सीन के बाद शाहरुख यहां फिल्म के अन्य जरूरी हिस्सों की तीन हफ्तों तक शूटिंग करेंगे।

चर्चा है कि फिल्म में शाहरुख डबल रोल में होंगे। एक किरदार गैंगस्टर का है तो वहीं दूसरा किरदार रॉ अधिकारी का है। दो किरदार निभाने के लिए शाहरुख को प्रोस्थेटिक्स से तैयार किया जाएगा। इसके पहले शाहरुख ने फिल्म डॉन में दो भूमिका निभाई थी। बता दें, फिल्म की फीमेल लीड नयनतारा भी एक जांच अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल 2 जून को पर्दे पर रिलीज होगी। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ब्रह्मास्त्र में शाहरुख का कैमियो काफी चर्चा में है। फिल्म में शाहरुख थोड़ी देर के लिए ही नजर आए लेकिन उनकी उपस्थिति ने दर्शकों को दिल जीत लिया। फिल्म देखने के बाद दर्शक शाहरुख के किरदार वानरास्त्र पर अलग फिल्म की मांग कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि बॉलीवुड को एसआरके की जरूरत है। इससे पहले शाहरुख ने माधनव की फिल्म रॉकेट्री में भी कैमियो किया था। शाहरुख का कैमियो देखने के बाद अब प्रशंसकों को उनकी अपनी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। शाहरुख की फिल्म पठान अगले साल जनवरी में पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके बाद जून में जवान तो दिसंबर में उनकी फिल्म डंकी रिलीज होगी। राजकुमार हिरानी की इस फिल्म में शाहरुख के साथ तापनी पन्नू मुख्य किरदार निभाएंगी। इस फिल्म में पहली बार शाहरुख और तापसी स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। बीते दिनों वरुण धवन की फिल्म बवाल का भी एक ऐक्शन सीन चर्चा में था। वरुण ने यूरोप में इस ऐक्शन सीन की शूटिंग की थी। दस दिन के इस सीच्ेंस को फिल्माने में करीब ढाई करोड़ रुपये प्रतिदिन का खर्च था।

## नागार्जुन–स्टारर द घोस्ट का पहला सिंगल वेगम हुआ रिलीज

तेलुगु सुपरस्टार अक्किनेनी नागार्जुन की मुख्य भूमिका वाली निर्देशक प्रवीण सत्तारू की एक्शन थ्रिलर द घोस्ट के निर्माताओं




ने अब फिल्म का पहला सिंगल रिलीज किया है, जिसका शीर्षक वेगम है। नागार्जुन और सोनल चौहान की विशेषता वाले रोमांटिक नंबर का उच्च प्रतिधारण मूल्य है, इसके मधुर संगीत के लिए धन्यवाद। गाने में दोनों कलाकारों के बीच की केमिस्ट्री कमाल की है। भरत और सौरब की जोड़ी ने इस सुखदायक राग को एक रोमांटिक एहसास के साथ बनाया है। ऐसा लगता है कि गायक कपिल कपिलन और राम्या बेहरा ने अपने गायन के साथ गाने में जान फूंक दी है। कृष्णा मदिनेनी अपने संवादी शैली के गीतों से प्रभावित करती हैं। सुनील नारंग, पुष्कुर राम मोहन राव और शरथ मरार के सहयोग से श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी और नॉर्थस्टार एंटरटेनमेंट के बैनर तले भव्य पैमाने पर द घोस्ट का निर्माण कर रहे हैं। मुकेश जी और ब्रह्मा कदली क्रमशरू छायाकार और कला निर्देशक हैं, जबकि दिनेश सुब्बारायण और काचा ने स्टंट को कोरियोग्राफ किया है। फिल्म, जिसमें गुल पनाग और अनिखा सुरेंद्रन भी हैं, 5 अक्टूबर को स्क्रीन पर आएगी।

# शैम्पू करते हुए करेंगे यह गलतियां तो झडने लगेंगे बाल



जब बात बालों को शैम्पू करने की होती है तो वह सिर्फ शैम्पू का इस्तेमाल करने तक ही सीमित नहीं है। आपको इसके बाद कंडीशनर भी अवश्य लगाना चाहिए। यह आपके बालों को स्मूद बनाता है। जिससे कॉम्ब करते समय आपके बाल कम टूटते हैं। बालों की केयर का सबसे पहला व जरूरी स्टेप है हेयर वॉश करना। यह बालों व स्कैल्प पर जमी ऑयल व गंदगी को दूर करने में मदद करता है। हालांकि, हेयर वॉश करने का अपना एक तरीका होता है। अगर आप शैम्पू करते हुए कुछ छोटी–छोटी मिसटेक्स करते हैं तो इससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शैम्पू से जुड़ी उन गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिससे आपको बचना चाहिए–

जोर से रगडना

कुछ लोगों की आदत होती है कि वह शैम्पू करते हुए बालों को तेजी से रगड़ते हैं। लेकिन आपको वास्तव में ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, जिस समय आप बालों को वॉश करते हैं, उस समय वह बेहद कमजोर होते हैं। ऐसे में अगर उन्हें जोर से रगड़ा जाए तो वह टूटने लग जाते हैं। आप चाहें तो शैम्पू करने के बाद हल्की मसाज कर सकते हैं, लेकिन तेजी से रगडने से बचें।

कंडीशनर को स्किप करना

जब बात बालों को शैम्पू करने की होती है तो वह सिर्फ शैम्पू का इस्तेमाल करने तक ही सीमित नहीं है। आपको इसके बाद कंडीशनर भी अवश्य लगाना चाहिए। यह आपके बालों को स्मूद बनाता है। जिससे कॉम्ब करते समय आपके बाल कम टूटते हैं।

बार–बार शैम्पू स्विच करना

कई बार ऐसा होता है कि हम टीवी में कोई ऐड देखते हैं और उससे प्रभावित होकर किसी नए ब्रांड का शैम्पू ले आते हैं। लेकिन इस तरह बार–बार शैम्पू को स्विच करना बालों के लिए सही नहीं माना जाता। कई शैम्पू में केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है और यह आपके बालों को डैमेज भी कर सकते हैं।